


2 पेज

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 87 | ग्वालियर,मंगलवार, 04 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान में अब कौन फैला रहा है आतंक?



12 दिसंबर 2022 को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के एक चीनी होटल पर हुए हमले की जिम्मेदारी खुरासान ग्रुप (ढ्ढस्र्यक्क) ने ली है. दरअसल बीते 12 दिसंबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक जोरदार ब्लास्ट हुआ था. धमाके के बाद हमलावरों ने शहर-ए-नवा इलाके के होटल में घुसकर वहां भी हमला किया. इस होटल को चाइनीज होटल भी कहा जाता है. हमले में पांच लोगों की मौत हो गई जिसमें दो पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं. इस हमले की चर्चा इसलिए भी ज्यादा हो रही है क्योंकि चाइनीज होटल में वरिष्ठ चीनी अधिकारी अक्सर आते-जाते रहते हैं. यह तालिबान शासित अफगानिस्तान में चीनी हितों पर पहला बड़ा हमला माना जा रहा है.बीते दिन ही चीनी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर काबुल में चीन के राजदूत वांग यू ने अफगानिस्तान के उप विदेशमंत्री शेर मोहम्मद स्तानकई से मुलाकात की थी.पिछले कुछ दिनों में अफगानिस्तान में लगातार कई हमले और बम विस्फोट हुए हैं और दर्जनों लोगों की मौत भी हुई है. ऐसा संदेह जताया जा रहा है कि इन हमलों का तार अफगानिस्तान में तालिबान शासन का विरोध करने वाले खुरासान ग्रुप से जुड़ा हुआ हो सकता है. आईएसआईएस- खुरासान, आईएसआईएस की ही एक शाखा है. जिसे साल 2015 के जनवरी महीने में तालिबान के पाकिस्तानी सहयोगी के असंतुष्ट सदस्यों द्वारा स्थापित किया गया था, इस्लामिक स्टेट-खुरासान को तालिबान और अमेरिका का कट्टर दुश्मन माना जाता है. खुरासान शब्द का नाम एक प्राचीन इलाके के नाम पर रखा गया है, जिसमें कभी उज़्बेकिस्तान, अफगानिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और ईराक का हिस्सा शामिल हुआ करता था. अभी के वक्त में यह इलाका अफगानिस्तान और सीरिया के बीच का हिस्सा है.खुरासान ग्रुप में अलग विचारधारा रखने वाले आतंकी संगठन अलकायदा से जु? लोग शामिल हैं. इस ग्रुप को खासतौर पर सीरिया और खुरासान से चलाया जाता है. का गठन साल 2005 में अबू मुसल अल-जरकावी ने किया था,

## कंझावला पीड़िता की मां से केजरीवाल ने की बात, 10 लाख रुपये के मुआवजे का एलान

मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीड़िता की मां से फोन पर बात की. सीएम केजरीवाल ने पीड़ित परिवार को 10 लाख का मुआवजा देने की बात कही. इसके साथ ही मृतक लड़की की मां का पूरा इलाज करवाने का भी आश्वासन दिया हैअरविंद केजरीवाल ने पूरे केस के लिये



बड़ा वकील करने की भी बात कही है. इस मामले को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया है.सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा,÷ सीएम केजरीवाल ने पीड़िता की माँ से बात हुई. बेटी को न्याय दिलवायेंगे। बड़े से बड़ा वकील खड़ा करेंगे. उनकी माँ बीमार रहती हैं. उनका पूरा इलाज करवायेंगे. पीड़िता के परिवार को दस लाख रुपये का मुआवज़ा देंगे. सरकार पीड़िता के परिवार के साथ है. भविष्य में भी कोई ज़रूरत हुई तो हम पूरा करेंगे.कंझावला मामला की पीड़िता का पार्थिव शरीर उसके घर पुहंच गया है और आज मंगलवार (3 जनवरी) को ही इसका अंतिम संस्कार होगा. वहीं इस घटना को लेकर पीड़िता की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी आ गई है. जिसे लेकर दिल्ली के स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर सागरप्रीत हुड्डा ने कहा कि मृतक युवती का पोस्टमॉर्टम मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में कराया गया. इस रिपोर्ट में मौत का अस्थाई कारण सिर, रीढ़, बाएं फीमर, दोनों निचले अंगों में मौत का सदमा और रक्तस्राव बताया गया है.विशेष पुलिस आयुक्त ने कहा स्कूटी से गिरने के बाद युवती के कपड़े कार के पहिए में फंस गए थे, जिसकी वजह से उसे सुल्तानपुरी से कंझावला तक करीब 12 किमी तक घसीटा गया. पुलिस ने घटना के समय कार में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. उनकी पहचान दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिट्ठ और मनोज मित्तल के रूप में हुई है.

## गैर कानूनी नहीं कहा जा सकता, धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक मामले पर सुनवाई के लिए सहमति जताने के साथ



ही कहा है कि हर प्रकार के धर्मांतरण को गैर कानूनी नहीं कहा जा सकता. कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है, जिसमें जिलाधिकारी को सूचित किए बिना शादी करने वाले अंतरधार्मिक जोड़ों पर मुकदमा चलाने से रोकने वाले हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी.कोर्ट ने कहा कि हर तरह के धर्मांतरण को अवैध नहीं कहा जा सकता. जस्टिस एम.आर. शाह और जस्टिस सी.टी. रवि कुमार की बेंच ने मामले में नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई सात फरवरी के लिए स्थगित कर दी. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की लेकिन शीर्ष अदालत ने कोई निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया.सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि शादी का इस्तेमाल अवैध धर्मांतरण के लिए किया जाता है और हम इस पर आंख नहीं मूंद सकते हैं. हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में राज्य सरकार को मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (एमपीएफआरए) की धारा 10 के तहत उन वयस्कों पर मुकदमा नहीं चलाने का निर्देश दिया था, जो अपनी मर्जी से शादी करते हैं.हाईकोर्ट ने 14 नवंबर को कहा कि धारा 10, जो धर्मांतरण के इच्छुक नागरिक के लिए जिला मजिस्ट्रेट को इस संबंध में (पूर्व) घोषणा पत्र देना अनिवार्य बनाती है, ÷हमारी राय में इस अदालत के पूर्वोक्त निर्णयों की पूर्व दृष्टि से असंवैधानिक है.÷ एमपीएफआरए गलत बयानी, प्रलोभन, बल प्रयोग की धमकी, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती विवाह या किसी अन्य धोखाधड़ी के माध्यम से धर्मांतरण को निषेध करता है.

**हाईकोर्ट का अंतरिम निर्देश आया था**-एमपीएफआरए 2021 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली सात याचिकाओं पर हाईकोर्ट का अंतरिम निर्देश आया था. याचिकाकर्ताओं ने अधिनियम के तहत किसी के खिलाफ मुकदमा चलाने से राज्य को रोकने के लिए अंतरिम राहत मांगी थी.

### भारत जोड़ो यात्रा से वापस दिल्ली लौटे राहुल गांधी

# आज बागपत में नहीं करेंगे रात्रि विश्राम

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा गलवार को यूपी के बागपत में प्रवेश कर गई. हालांकि राहुल गांधी बागपत से वापस दिल्ली लौट गए हैं. वह बागपती के मवी कला में रात में विश्राम नहीं करेंगे. राहुल गांधी बुधवार को बागपत जाएंगे. यह यात्रा बुधवार सुबह 6 बजे मवी कला से शुरू होगी और शामली पहुंचेगी.यूपी में राहुल गांधी की पहले दिन की यात्रा समाप्त हो गई और वह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लौट गए. यह यात्रा दिल्ली के कश्मीर गेट होते हुए यूपी के गाजियाबाद पहुंची थी और फिर वहां से बागपत गई. राहुल गांधी यात्रा से पहले दिल्ली के मरघट हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया. वहीं, यूपी में बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी का स्वागत किया. इस दौरान मंच से प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे अपने बड़े भाई



पर गर्व है. प्रियंका ने कहा, इन पर एजेंसियां लगाई गईं लेकिन ये डरे नहीं. मेरे भाई को नहीं खरीद पाए और ना कभी खरीद पाएंगे. कांग्रेस नेता ने कहा कि मेरे भाई तुम योद्धा हो.

**आज की यात्रा में राहुल-प्रियंका के साथ दिखे ये चेहरे**-पहले दिन की यात्रा में राजनीति के कई दिग्गज चेहरे भी नजर आए. राहुल और प्रियंका के बीच नैशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला दिखे और उन्हें गले लगाकर भावुक हो गए. कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, अंबिका सोनी और शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी भी इस यात्रा में दिखीं. इनके अलावा रॉ के पूर्व सचिव ए एस दुलात भी राहुल गांधी के साथ हाथ से हाथ मिलाए नजर आए. अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी हर उम्र के लोगों के साथ मिलते और बात करते हुए देखे गए.

## बिहार की राजनीतिक गलियारे से बड़ी खबर, सुधाकर सिंह बोले- नीतीश के खिलाफ नहीं बोलूंगा, मुंह सिल लूंगा, लेकिन एक शर्त




बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह सुर्खियों में हैं. सीएम नीतीश कुमार पर उनकी ओर से दिए गए बयानों पर राजनीति गर्म है. अब दूसरी खबर सुधाकर सिंह के बयान पर ही है कि वह मानने के लिए तैयार हैं. नीतीश कुमार के खिलाफ वह एक शब्द नहीं बोलेंगे. उन्होंने यहां तक कह दिया है कि वह अपना मुंह सिल लेंगे. हालांकि इसके पीछे उन्होंने अपनी एक शर्त बताई है. सुधाकर सिंह मंगलवार को कैमूर जिले के मोहनिया डाक बंगला परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व किसान सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थे.सुधाकर सिंह ने खुले मंच से कहा कि किसानों की फसल को खरीदने के लिए मल्टीपल एजेंसी और मंडी कानून बना दीजिए, जीवन भर मुख्यमंत्री रहिए. हम अपने मुंह को सिल लेंगे. कुछ भी नहीं कहेंगे और जरूरत पड़ा तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे. यह दोनों कानून लागू नहीं कीजिएगा तब तक मुझे राजनीति से अलविदा नहीं करा सकते हैं और न ही मेरी जुबान बंद करा सकते ह

## पाकिस्तान हनी ट्रैप मामले पर इन दो अभिनेत्रियों ने थोडी चुप्पी, पूर्व सैन्य अधिकारी के दावे पर दी प्रतिक्रिया



पाकिस्तान के रिटायर्ड सैन्य अधिकारी और पूर्व प्रवक्ता मेजर आदिल राजा ने एक खुलासा कर बवाल खडा कर दिया है. रिटायर्ड सैन्य अधिकारी के अनुसार पाकिस्तान सेना के अधिकारी देश की मॉडल और अभिनेत्रियों का इस्तेमाल हनी ट्रैप के रूप में करते हैं. उन्होंने इस बात का खुलासा अपने चैनल पर किया है. आदिल राजा ने सोल्जर स्पीक्स नाम के चैनल पर दावा किया है कि कुछ पाकिस्तानी अभिनेत्रियां और मॉडल का इस्तेमाल जनरल बाजवा और पूर्व आईएसआई प्रमुख फैज हमीद हनी ट्रैप के रूप में करते हैं. इस दौरान आदिल राजा ने अभिनेत्रियों का पूरा नाम नहीं बताया है हालांकि उन्होंने अभिनेत्रियों के नाम के पहले अक्षर का खुलासा किया है.

**सजल अली ने दी प्रतिक्रिया** -उन्होंने चार अक्षर वाले नाम का जिक्र अपनी वीडियो में किया है. उनमें एमएच, एमके, केके, एसए हैं. जिसके बाद से लोग सोशल मीडिया पर मेहविश हयात, माहिरा खान, कुब्रा खान और सजल अली को ट्रोल कर रहे हैं. इसी बीच अब सजल एली ने पूरे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. सजल ने ट्वीट किया है कि बहुत दुख की बात है कि हमारा देश नैतिक रूप से पतित और बदसूरत होता जा रहा है, यहां किसी भी लड़की के चरित्र पर सवाल उठाना आम बात हो गई है.

## ईरान में प्रदर्शन की सजा मौत ! हिजाब विरोधी आंदोलन में भाग लेने वाले किशोरों पर सुनाया ये फैसला

ईरान ने हिजाब विरोधी आंदोलन में हिस्सा लेने वाले दो किशोरों को मौत की सजा सुनाई है. इन पर महसा अमिनी की पुलिसिया हत्या के के बाद देश भर में शुरू एंटी हिजाब मूवमेंट में शामिल होने की वजह से उनको ये सजा सुनाई गई.इससे पहले महसा अमिनी की मौत के विरोध में प्रदर्शन करने वाले 23 साल की उम्र के दो लोगों को पहले ही ईरान मौत की सजा दे चुका है. आंदोलन में शामिल करने वाले लोगों का डर है कि दर्जनों और लोगों को भी की सजा सुनाई जा सकती है. क्योंकि आंदोलन की वजह से बैकफुट पर आया ईरान विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए और लोगों में डर पैदा करने के लिए इस नीति का इस्तेमाल कर रहा है.

## कंझावला मामले में लड़की की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में क्या है हुई पीडिता की मौत

कंझावला मामले में पीड़िता की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आ गई है. स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर एसपी हुड्डा ने मंगलवार (3 जनवरी) को कहा कि मृतक युवती का पोस्टमॉर्टम मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में कराया गया. रिपोर्ट में मौत का अस्थाई कारण सिर, रीढ़, बाएं फीमर, दोनों निचले अंगों में मौत का सदमा और रक्तस्राव बताया गया है.उन्होंने कहा कि सभी चोटें कुंद बल प्रभाव और संभवतः वाहन दुर्घटना और घसीटने के कारण हुईं. इसके अलावा, रिपोर्ट बताती है कि यौन हमले का कोई चोट नहीं है. युवती की प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में



उसके निजी अंगों पर चोट के कोई निशान नहीं होने की बात सामने आई है. मृतक युवती के पार्थिव शरीर को मंगलवार को एंबुलेंस में अस्पताल से उसके आवास ले जाया गया.

**यौन उत्पीड़न के कोई सबूत नहीं मिले**-उन्होंने बताया कि यौन उत्पीड़न के कोई सबूत नहीं मिले हैं. मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में एक चिकित्सकीय बोर्ड ने सोमवार को युवती के शव का पोस्टमॉर्टम किया था. कंझावला में 20 वर्षीय युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी थी और युवती को सुल्तानपुरी से कंझावाला तक करीब 12 किलोमीटर घसीटते हुई ले गई. रविवार को हुई इस घटना में युवती की मौत हो गई थी. पुलिस ने कार में कथित तौर पर सवार पांच लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया था.

## दुनिया के सबसे ऊंचे क्षेत्र में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं कैप्टन शिवा चौहान, -31 डिग्री में करेंगी ड्यूटी

भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स सैपर्स की कैप्टन शिवा चौहान ने इतिहास रच दिया है. कैप्टन शिवा चौहान, सियाचिन बैटलग्राउंड में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं. कैप्टन शिवा चौहान की तैनाती कुमार पोस्ट में हुई है. बता दें कि सियाचिन को दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र माना जाता है. यह पहली बार है कि भारतीय सेना की ओर से किसी महिला अधिकारी की इस खतरनाक पोस्ट पर तैनाती की गई है. इस वक्त कैप्टन शिवा चौहान करीब 15,632 फीट की ऊंचाई पर मौजूद कुमार पोस्ट पर अपना फर्ज निभा रही हैं. वह -31 डिग्री के तापमान में अपनी



ड्यूटी निभाएंगी.

**पोस्टिंग से पहले दी गई कड़ी ट्रेनिंग**-भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स के मुताबिक शिवा की पोस्टिंग कठिन प्रशिक्षण के बाद की गई है. फायर फ्यूरी कोर ने ट्वीट करके बताया, ÷फायर एंड फ्यूरी सैपर्स की कैप्टन शिवा चौहान दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में कठिन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कुमार पोस्ट में सक्रिय रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं.÷

फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स की तरफ से दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं, जिसमें कैप्टन शिवा को देखा जा सकता है. ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. तस्वीर में देखा जा सकता है कि एक बोर्ड पर 'वेलकम टू कुमार पोस्ट' लिखा हुआ है. इसमें समुद्र तल से पोस्ट की ऊंचाई करीब 15,632 फीट है.

## कांग्रेस का दावा-मोदी सरकार ने बंद की , आम लोगों को मिलने वाले अनाज में 50 फीसदी की कटौती होगी

**कांग्रेस ने फ्री राशन योजना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी**-पर निशाना साधा है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को खत्म कर दिया है और उसके नए साल के इस



'उपहार' से 81 करोड़ लोगों को मिलने वाले अनाज में 50 प्रतिशत की कटौती हो गई है. जयराम रमेश ने मंगलवार (3 जनवरी) को कांग्रेस की अधिकारिक प्रतिक्रिया ट्वीट कर दावा किया, %%साल 2023 की शुरुआत इस चिंताजनक खबर से हुई कि पीएम मोदी की कैबिनेट ने 'प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना% को खत्म कर दिया. पिछले दो वर्षों से 81 करोड़ लोगों को 10 किलोग्राम प्रति महीने अनाज मिल रहा था, लेकिन अब पांच किलोग्राम ही मिलेगा.'' उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने यह निर्णय राज्य सरकार के साथ बात किए बिना और संसद में बिना चर्चा के ले लिया.

**कांग्रेस ने क्या दावा किया**-जयराम रमेश ने कांग्रेस की अधिकारिक प्रतिक्रिया के साथ ट्वीट कर लिखा, के बंद होने से ग़रीबों को नुकसान और सिर्फ मोदी सरकार को लाभ होगा.

## 27 जनवरी को पीएम मोदी करेंगे परीक्षा पे चर्चा छात्र, शिक्षक और अभिवावक होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बच्चों से बात करेंगे. इस वर्ष %परीक्षा पे चर्चा का आयोजन 27 जनवरी 2023 को किए जाएगा. जिसमें पीएम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे. इस कार्यक्रम की मेजबानी शिक्षा मंत्रालय करेगा. पीएम के इस कार्यक्रम की जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दी है.पर प्रतियोगिताओं के आधार पर चुने गए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षा मंत्रालय द्वारा पीपीसी किट उपहार में दी जाएगी. पीएम हर साल %परीक्षा पे चर्चा% के जरिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत करते हैं. इस दौरान पीएम छात्रों को परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहने के लिए मंत्र देते हैं. साथ ही परीक्षाओं को उत्सव की तरह मानाने की सलाह देते हैं.केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया



है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी 2023 को परीक्षा पे चर्चा के तहत छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे. ?प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार %परीक्षा पे चर्चा% साल 2018 में की थी. तभी से पीएम लगातार इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से रूबरू होते आ रहे हैं. कार्यक्रम के जरिए पीएम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधा संवाद करते हैं. पीएम ने 1 अप्रैल 2022 को आयोजित हुए इस कार्यक्रम के जरिए छात्रों को खास टिप्स दिए थे. परीक्षा पे चर्चा 1 अप्रैल, 2022 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था. इसके करीब 15.7 लाख प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया था.

## चार दिशाओं जैसी तुम हो., भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की दिखी ऐसी बॉन्डिंग

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई दिलचस्प तस्वीरें देखने को मिली हैं. इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ उनकी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हुई हैं. इस दौरान मां-बेटे, भाई-बहन की कई प्यारी फोटो-वीडियो सामने आई हैं.



ऐसा ही कुछ मंगलवार (3 जनवरी) को भी देखने को मिला. कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नौ दिनों के विश्राम के बाद मंगलवार को फिर आरंभ हुई और उत्तर प्रदेश में दाखिल हुई. गाजियाबाद में इस यात्रा के प्रवेश करने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के कई अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और अन्य भारत यात्रियों का स्वागत किया. इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी स्टेज पर साथ बैठे दिखे. जहां राहुल गांधी अपनी बहन पर प्यार लुटाते दिखे. ये देख कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तालियां बजानी शुरू कर दीं. कांग्रेस ने ट्विटर पर ये वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ÷भाई बहन का निश्छल प्रेम÷, इस वीडियो में ÷चार दिशाओं जैसी तुम हो...÷ गाना भी चल रहा है.

**बहन ने राहुल गांधी को बताया योद्धा**-प्रियंका गांधी ने अपने भाई का स्वागत करते हुए जोरदार भाषण भी दिया

# भूमि स्वामी को मृत्य घोषित कर दबंगो ने किया जमीन पर कब्जा



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर जन सुनवाई में आवेदन देने आए रानू नामदेव ने बताया कि स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 17. 18, 22 है. कुल रकवा 20 बीघा के लगभग स्थित ग्राम डुमैला तह. बदरवास टप्पा रन्नौद जिला शिवपुरी में स्थित है, जिस पर शेरसिंह उर्फ शेरा सिक्ख पुत्र रूपसिंह निवासी ग्राम सुरवाया जिला शिवपुरी द्वारा प्रार्थी को गलत तरीके से कागजो में मृत घोषित कर दिया गया है, और उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करे हुए है, कहने पर प्रार्थी और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देता है। इस उक्त व्यक्ति द्वारा रानू की भूमि अवैध रूप से कब्जा करने कहने पर प्रार्थी और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने से प्रार्थी और परिवार के सदस्य भयभीत बने हुए हैं, उक्त लोग हमारे साथ कभी भी कोई घटना दुर्घटना कर सकता है, इसलिएइसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाकर हमारी उक्त जमीन का कब्जा हटवाये जाने का कष्ट करे।

# जमीन पर कब्जा करके दबंगो ने प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से कर दी अवैध रूप से प्लाटिंग

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय मै जन सुनवाई मैं आवेदन देने आए गोपाल बल्लभ पुत्र लक्ष्मीनारायण पारीक ग्राम कोलारस जिला शिवपुरी ने बताया कि उसकी भूमि सर्वे न. 627 रकवा 0.2190 हैक्टर गोपाली का बड़ा मंदिर सर्वे नं.627 रकवा 0.2190 हैक्टर पर नरेन्द्र पुत्र श्रीनाथ गुप्ता द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जिस पर प्लाटिंग की जा रही है। जो कि मुझ गोपाल



बल्लभ की स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि है जिस पर अवैध रूप से नरेन्द्र के द्वारा प्लाटिंग की जा रही है जो कि पूर्ण तरीके से अवैध है। नरेन्द्र पुत्र श्रीनाथ द्वारा किसी दूसरे व्यक्तियों के सहयोग से उक्त भूमि सर्वे न में प्लाटिंग काट रहा है और इस भूमि का 1 साल पहले मुझ आवेदक द्वारा सीमांकन कराया गया। जिससे में सतुष्ट नही था मुझ आवेदक द्वारा पुनः सीमाकन के लिये तहसील कोलारस में आवेदन लगया है जिसमें आदेश दिनांक 09.12.2022 को हुआ परन्तु सीमाकन नही हुआ है। जिस भूमि सर्वे न में प्लांटिंग हो रही है वह मुझ गोपाल बल्लभ की स्वामित्व व अधिपत्य की है। इस आवेदन पर कार्यवाही के लिए गोपाल बल्लभ बार बार अधिकारियों के चक्कर लगा रहा हैं जिससे उन पर कार्यवाही की जाए

# शिवपुरी टमाटर व्यपारियो ने दिया कलेक्टर के नाम ज्ञापन

## लागत भी नही निकल पा रही

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -खरब जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर मैं ज्ञापन देने आए टमाटर व्यवसायो ने बताया कि जिले में टमाटर एवं शिमला मिर्च का उत्पादन बड़ी तादात में होता है विगत 10 वर्षो से लगातार किसान इसकी खेती करता आ रहा है इसका उत्पादन अच्छी मात्रा में होता है पर किसान को इसके अच्छे दाम नहीं मिल पाते हैं आज किसान के हालात जिले में बहुत ही खराब है लाखों की लागत लगाकर किसानों हजारों नहीं ले पा रहे हैं। वर्तमान में किसान के टमाटर का भाव 1 रूपये कि.ग्रा. से भी कम है किसान अपनी पीड़ा को राज्य सरकार एवं केन्द्र



सरकार तक महोदय आपके माध्यम से पहुंचना चाहता है जिले में कोई उद्योग या सॉस प्लान्ट लगाया जाये। जिससे टमाटर और शिमला मिर्च से बनने वाल प्रोडेक्ट का निर्माण भी यही हो सके। जिससे आमजन और किसान दोनों को ही लाभ प्राप्त होगा।

# कोलारस में बसपा ने मनाई भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की जयंती

**अरुण कुशवाह कोलारस रिपोर्टर**
**पुष्पांजलि टुडे**

कोलारस विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी द्वारा मां सावित्री बाई की 192 बी जयंती के अवसर पर विशाल आमसभा का आयोजन किया गया आम सभा में मुख्य अतिथि जोरा पूर्व विधायक सोनेराम कुशवाह जी हुए कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों की छत्रछाया पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया कार्यक्रम के अभिवादन मुख्य अतिथि एवं बसपा के प्रदेश सचिव पूर्व विधायक श्री सोनेराम कुशवाह जी ने कहा आज देश में लोगों के शिक्षा ,नौकरी ,रोजगार खतरे में हैं भाजपा प्रदेश में निरंकुश शासन चला रही है आज देश का संविधान खतरे में है संविधान को बचाना है तो 2023 में एकजुटता के साथ कोलारस विधानसभा विधायक सहित प्रदेश में बसपा की सरकार बनाना है जिला प्रभारी सुआलाल जाटव जी ने कहा भाजपा कांग्रेस हमेशा संवैधानिक अधिकारों पर कुठाराघात करती हैं बाबा साहब की तस्वीर को लेकर हमारे लोगों को बीच जाकर उनको गुमराह करने की कोशिश करती हैं लेकिन यह बहुजन समाज के लोग अब भाजपा कांग्रेस की बातों में नहीं आएंगे जॉन प्रभारी संत सिंह आदिवासी जी ने भी अपनी बात रखी बही कार्यक्रम में विधानसभा महासचिव एड करतार सिंह कुशवाह ने कहा पिछड़े वर्ग को मंडल कमीशन के तहत दिया जाने वाला आरक्षण माननीय कांशी राम साहब के संघर्ष से मिला लेकिन हमारा दुर्भाग्य है आज वर्तमान प्रदेश सरकारों ने ओबीसी का 27



परसेंट आरक्षण लागू नहीं किया वही कार्यक्रम में जिला प्रभारी द्वारका धाकड़ विधानसभा प्रभारी कार्यकर्ता ,हिम्मत सिंह, नवल धाकड़, राकेश जाटव,हरनाम जाटव,बाबूलाल जाटव,के अर्जुन




हरवीर रमन आदि वक्ताओं ने अपनी बात रखी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजाराम जाटव जी ने की इस अवसर पर बसपा सिंह जाटव ,भानु कुशवाहा खथोरा, नदू आदिवासी सहित विधानसभा के हजारों लोग इस आम सभा में उपस्थित हुए ।।

# आजीविका मिशन द्वारा संचालित ग्राम संगठन की साधारण सभा का आयोजन किया गया






**पुष्पांजलि टुडे से श्री विजय परिहार की रिपोर्ट**

जिसमें जिसमें स्व सहायता समूह के सभी सदस्य उपस्थित हुए ग्राम संगठन की आए एवं आगामी साल की कार्यों की रणनीति बनाई गई एवं उसमें निर्णय लिया गया कि ग्राम के अंतिम छोर की सबसे गरीब परिवार को भी अजीब कमीशन से जोड़ा जाए और ग्राम के सभी सदस्यों को काम से कम कम से कम 3 अजीबका गतिविधियों से जोड़ा जाए ग्राम के सभी समूह के सदस्य लखपति क्लब में सम्मिलित किए जाए कार्यक्रम में आजीविका मीशन ब्लॉक के प्रबंधक श्री सुमित गुप्ता जी सर एवं श्री राजेश कुमार शर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ श्री अरविंद बेडर जी के साथ भारतीय जनता पार्टी के करेरा मंडल उपाध्यक्ष एवं नरवर ब्लॉक अध्यक्ष के साथ करेरा ब्लॉक अध्यक्ष के भाई और ग्राम ग्राम पंचायत मामोनी खुर्द के सरपंच साहब श्री बद्री पाल और भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सिरसोद एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय सिंह परिहार साथ ही सिंध सामुदायिक संगठन की अध्यक्षता में श्रीमती शारदा बाई परिहार जागृति महिला समुदाय समिति से श्रीमती उषा परिहार ब ग्राम के संगठन पदाधिकारी व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही साथी ग्राम में संचालित लक्ष्मी मां उत्पादक समूह की गतिविधि बा टर्नओवर जोकि आज दिनांक तक 24 लाख है बताया गया उत्पादक समूह की सचिव श्रीमती सुमित्रा लोधी व अन्य विधियों के द्वारा उत्पादक समूह के द्वारा किए जा रहे कार्यों जैसे मूंगफली खरीदी खरीदी दाना निकालना मंडी जाकर विक्रय करना के बारे में बताया गया और ग्राम की बेरोजगार महिलाओं को रोजगार देने का बड़ा मिशन और विजन आज अजीब कमीशन करेरा के माध्यम से हमारी बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का काम आजीविका मीशन बड़े जोरों पर काम रहा है और हमारे करैरा ब्लॉक के माध्यम से आजीविका मिशन की महिलाओं ने बड़ी संख्या में इस सभा में उपस्थिति दर्ज की

# आजीविका मीशन द्वारा संचालित ग्राम संगठन की साधारण सभा का आयोजन किया गया





**पुष्पांजलि टुडे से श्री विजय परिहार की रिपोर्ट।**

जिसमें जिसमें स्व सहायता समूह के सभी सदस्य उपस्थित हुए ग्राम संगठन की आए एवं आगामी साल की कार्यों की रणनीति बनाई गई एवं उसमें निर्णय लिया गया कि ग्राम के अंतिम छोर की सबसे गरीब परिवार को भी अजीब कमीशन से जोड़ा जाए और ग्राम के सभी सदस्यों को काम से कम कम से कम 3 अजीबका गतिविधियों से जोड़ा जाए ग्राम के सभी समूह के सदस्य लखपति क्लब में सम्मिलित किए जाए कार्यक्रम में आजीविका मीशन ब्लॉक के प्रबंधक श्री सुमित गुप्ता जी सर एवं श्री राजेश कुमार शर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ श्री अरविंद बेडर जी के साथ भारतीय जनता पार्टी के करेरा मंडल उपाध्यक्ष एवं नरवर ब्लॉक अध्यक्ष के साथ करेरा ब्लॉक अध्यक्ष के भाई और ग्राम ग्राम पंचायत मामोनी खुर्द के सरपंच साहब श्री बद्री पाल और भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सिरसोद एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय सिंह परिहार साथ ही सिंध सामुदायिक संगठन की अध्यक्षता में श्रीमती शारदा बाई परिहार जागृति महिला समुदाय समिति से श्रीमती उषा परिहार ब ग्राम के संगठन पदाधिकारी व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही साथी ग्राम में संचालित लक्ष्मी मां उत्पादक समूह की गतिविधि बा टर्नओवर जोकि आज दिनांक तक 24 लाख



है बताया गया उत्पादक समूह की सचिव श्रीमती सुमित्रा लोधी व अन्य विधियों के द्वारा उत्पादक समूह के द्वारा किए जा रहे कार्यों जैसे मूंगफली खरीदी खरीदी दाना निकालना मंडी जाकर विक्रय करना के बारे में बताया गया और ग्राम की बेरोजगार महिलाओं को रोजगार देने का बड़ा मिशन और विजन आज अजीब कमीशन करेरा के माध्यम से हमारी बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का काम आजीविका मीशन बड़े जोरों पर काम रहा है और हमारे करैरा ब्लॉक के माध्यम से आजीविका मिशन की महिलाओं ने बड़ी संख्या में इस सभा में उपस्थिति दर्ज की

# पुलिस थाना पिछोर ने कलयुगी पुत्र को दबोच कर भेजा जेल

## जो अपनी मां की कर रहा था आए दिन मारपीट



**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर,** ।अरविंद लोधी पुत्र ओमकार लोधी निवासी मानपुर अपनी मां प्रेम लोधी की मारपीट कर रहा था इसके पहले भी यह गांव के कई लोगों की मारपीट कर चुका था पुलिस थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में तुरंत कार्रवाई करते हुए अरविंद लोधी को दबोच कर भेजा जेल । इसमें देखने वाली बात यह है कि जो बुरी संगति में युवा चले जाते हैं वह पहले आस-पड़ोस मौहल्ला या गांव वालों को परेशान करते हैं उनके साथ मारपीट करते हैं इसके बाद वह अपने घर में भी अपने पारिवारिक सदस्यों को मानसिक व शारीरिक से प्रताड़ित करते हैं । थाना पिछोर पुलिस की टारगेट में अभी कई शातिर बदमाश है इनको भी शीघ्र दबोचा जाएगा । पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक हीरा सिंह बघेल ,राजेंद्र यादव, आरक्षक देशराज सिंह गुर्जर नगर सैनिक अशोक पाठक व नगर रक्षा समिति का सदस्य बाल किशन लोधी शामिल रहे शामिल रहे।

# लगातार हो रही ठण्ड को देखते हुये कलेक्टर ने किया शालाओं का अवकाश घोषित

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** दमोह में लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है 2दिन से शहर और उसके आसपास का मौसम सुहावना हो गया है कोहरे और ठण्ड ने लोगों को घरों में बंद कर दिया है जिससे लोग आग के पास बैठे नजर आ रहे है तो वही मार्केट के व्यापारियों ने बताया


कार्यालय कलेक्टर (शिक्षा विभाग) जिला दमोह

आदेश

ठण्ड को देखते हुये लोग बाजार तक नहीं आ रहे है जिससे व्यापार पूरा ठप्प प?ा है।तापमान में गिरावट व अत्याधिक शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य ने दमोह जिला अन्तर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, आई.सी.एस.ई., सी.बी.एस.सी., से संबद्ध कक्षा 01 से 08 तक की शालाओं का 04 जनवरी से 06 जनवरी 2023 तक का केवल अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश घोषित किया है

# अखिल भारतीय कुशवाह महासभा ने मनाई सावित्री बाई फुले जयंती

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- अखिल भारतीय कुशवाह महासभा ने आज 3 जनवरी को कुशवाह धर्मशाला झीगुरा कॉलोनी मैं शिक्षा की देवी मां सावित्री बाई फुले की जयंती पर फूल माला पहनाकर और दीप प्रज्वलित कर और मिठाई बाट कर सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के जिलाध्यक्ष ने बताया कि माता सावित्री बाई फुले ने समाज में महिलाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय थी पर उन्होंने संघर्ष करते हुए महिलाओं को पढाया यर अपने समाज और महिलाओं के लिए महिला स्कूल भी खोले ओर माता सावित्री बाई फुले ने अपनी समाज की महिलाओं के अलावा सभी समाजो की महिलाओं के शिक्षा के लिए बहुत ही योगदान दिया अखिल भारतीय कुशवाह महासभा की महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाह ने बताया कि आने बाले समय में हम प्रदेश सरकार को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते रहेंगे की आने बाले समय से प्रदेश सरकार 3 जनवरी को सरकारी छुट्टी घोषित की जाए कार्यक्रम के अवसर ओर पधारे पूर्व जिलाध्यक्ष हरि सिंह कुशवाह , जिलाध्यक्ष अवदेश कुशवाह युवा जिलाध्यक्ष विपिन कुशवाह , राजेश कुशवाह आई टी आई ,चंदन कुशवाह, एडवोकेट मान सिंह कुशवाह, से.नि.मास्टर ग्यासी राम कुशवाह, सोनुमल कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह, नकुल कुशवाह, सुनीता कुशवाह, रेखा कुशवाह,भारती कुशवाह, नीलम कुशवाह, सरोज कुशवाह, मोना कुशवाह, अनीता कुशवाह, लक्की कुशवाह आदि समाज के लोग शामिल रहे ।

# भाजपा मप्र सह प्रभारी सांसद रामशंकर कठेरिया आज भिंड आएंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश संगठन सह प्रभारी एवं इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया भिंड जिले के एक दिवसीय प्रवास पर 4 जनवरी को आएंगे इस दिन संगठनात्मक बैठकों में शिरकत करेंगे ।भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बताया कि प्रदेश सह संगठन प्रभारी रामशंकर कठेरिया नई दिल्ली से शताब्दी एक्सप्रेस द्वारा ग्वालियर पहुंचेंगे । वहां से भिंड के लिए रवाना होंगे 4 जनवरी को जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों की बैठक दोपहर 12 बजे सभी मोर्चों, एवं प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा की बैठक संस्कृति गार्डन में दोपहर 1 बजे आयोजित की जाएगी।भाजपा जिला अध्यक्ष नरवरिया ने बताया कि दोपहर



2 बजे प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की प्रेस वार्ता में शामिल होंगे और 3 बजे सर्किट हाउस भिंड में जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों की बैठक में रूबरू होंगे संगठनात्मक एवं मिशन 2023 के चुनाव को मद्देनजर रखते हुए चर्चा करेंगे। इसी दिन गोहद विधानसभा की पेपर प्रबंध समिति की बैठक शाम 5-00 बजे बोहरे प्लाजा गोहद में आयोजित की जाएगी। सांसद कठेरिया गोवा से ही ग्वालियर होते हुए मुरैना के लिए प्रस्थान करेंगे।भाजपा जिला अध्यक्ष नरवरिया ने बताया कि होने वाली बैठकों में आपेक्षित पार्टी के पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधि निर्धारित स्थानों पर समय से उपस्थित हो ताकि बैठक संपन्न की जा सके।

# महिला शिक्षा जागृति में बीता मां सावित्री बाई फुले का जीवन मान सिंह कुशवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** लहार विधानसभा के नगर पंचायत में मिहोना मैं मां सावित्री बाई फुले की 191 जयंती समारोह का आयोजन पर शहर में चल समारोह निकाला गया उसके बाद चल समारोह का समापन महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा सब्जी मंडी मिहोना में किया गया जिसमें मुख्य अथिति के रूम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह उपस्थित होते हुए कहा महिलाएं देश में शिक्षा में अग्रणी हो इसी सोच के साथ मा सावित्री बाई फुले द्वारा महिला शिक्षा के लिए संघर्ष किया महिला शिक्षा के लिए देश में पहली पाठशाला खोली उसके बाद लगातार सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करते रही आज देश में महिलाओं को प्रथम स्थान मिलने का मौका मिला है तो यह मां सावित्री बाई फुले की देन है इसी क्रम में कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमोहन सिंह राजावत वरिष्ठ नेता जयेंद्र सिंह राजावत सरपंच पुष्पेंद्र कुशवाहा इंदल सिंह कुशवाहा कृष्ण नारायण कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य रवि कुशवाह आदि ने अपने विचार रखे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर



पंचायत के अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद कुशवाहा द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का संचालन बैजनाथ कुशवाहा द्वारा किया गया तथा आभार व्यक्त उमेश कुशवाहा द्वारा किया गया कार्यक्रम में रोन जनपद के उपाध्यक्ष ग्यासी राम कुशवाहा, शिव सिंह कुशवाहा, जिला सचिव रवि कुशवाहा, रचना बौद्ध, पार्षद विजय कुशवाहा,जीवन कुशवाह,भगवान सिंह कुशवाह, अजीत कुशवाह आदि लोग उपस्थित हुए।

**मेहगांव विधानसभा के पचेरा में भी मनाई गई माता सावित्री बाई फुले जयंती**-इसी क्रम में मेहगांव विधानसभा के ग्राम पंचायत पचेरा में भी मां सावित्री बाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा प्रमुख रूप से उपस्थित हुए मां सावित्री बाई के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रणजीत सिंह गुर्जर, जनपद सदस्य देशराज कुशवाह,वरिष्ठ नेता राम ज्ञान कुशवाह, राजाराम कुशवाहा, पार्षद मायाराम जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र गुड्डू नरवरिया, शुभम आजाद,उमेश कुशवाहा सरपंच,मायाराम जाटव,नारायण सिंह कुशवाहा जबर सिंह कुशवाहा व कार्यक्रम में आभार व्यक्त आयोजक अनिल सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया।

## पशुपति मंदिर में पाठक ने पूजा अर्चना कर की देश प्रदेश की खुशहाली की कामना

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने नववर्ष के अवसर पर पशुपतिनाथ धाम पहुंचकर भगवान श्री पशुपतिनाथ की विशेष पूजा अर्चना करते हुए देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की ।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पाठक ने कहा कि अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर आज भगवान श्रीपशुपतिनाथ के दर्शन कर एक नई अनुभूति महसूस के साथ साथ नई चेतना जागृत हुई है और देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की एवं 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत की भी कामना की।और पाठक ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर भगवान श्री पशुपतिनाथ सबके विघ्न हरें,सदबुद्धि दें, सन्मार्ग पर चलाएँ और सब पर कृपा और आशीर्वाद की वर्षा करें । युवा नेता पाठक के साथ नगर मंत्री सूरज बरुआ ने भी भगवान श्रीपशुपतिनाथ के दर्शन किए ।

## कलेक्टर ने जिला के समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्रा0/मा0 विद्यालयों में 07 जनवरी तक अवकाश घोषित किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल द्वारा स्थानीय परिस्थिति, शीतकाल एवं ग्रीष्मकाल में शाला परिवर्तन हेतु निर्देशित किया गया है। वर्तमान में सर्दी का अत्यधिक प्रकोप होने,अधिक कोहरा होने के कारण शीतलहर के कारण तापमान में अत्यंत गिरावट आई है।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने तापमान में होने वाली अत्यधिक कमी को दृष्टिगत रखते हुये जिला अंतर्गत संचलित समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्रा0/मा0 विद्यालयों में दिनांक 04 जनवरी 2023 से 07 जनवरी 2023 तक का विद्यार्थियों के लिये अवकाश घोषित किया है। आदेश तत्काल प्रभावशील होगा ।

# कैलारस-शीतलहर के चलते कलेक्टर ने किए छुट्टी के आदेश

## छात्र-छात्राओं का 4 जनवरी से 7 जनवरी तक अवकाश घोषित

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस**-विकासखंड कैलारस के समस्त कक्षा 1 से 8 तक के शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों मदरसों , में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ने को दृष्टिगत रखते एवं अधिक ठंड पड़ने के कारण एवं शीतलहर होने के कारण 4 जनवरी 2023 से 7 जनवरी 2023 तक श्रीमान जिलाधीश महोदय के आदेशानुसार अवकाश घोषित किया गया है इस आशय की जानकारी देते हुए एवं प्रेस को जारी विज्ञप्ति बीईओ देवेंद्र हरदेनिया ने बताया कि उक्त तिथियों में कोई भी शासकीय अशासकीय विद्यालय एवं मदरसा संचालित नहीं



होगा यदि किसी संस्था द्वारा विद्यालयों को या मदरसों को संचालित किया जाता है तो इसे शासन के आदेश अवहेलना के तहत माना जावेगा तथा संबंधित संस्था एवं उसके प्रभारी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जावेगा जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का रहेगा इस अवधि में शिक्षकों का विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है अतः सभी संस्था प्रधान एवं संस्थाएं शासन के आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें

# कैलारस- ग्राम चौडेरा में सावित्रीबाई फुले की मनाई गई जयंती



**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस**-देश की प्रथम महिला अध्यापिका एवं नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले जी की 192 वी जयंती पर कैलारस जौरा विधानसभा के ग्राम चौ?रा मैं कुशवाहा समाज के युवाओं द्वारा जयंती कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह यादव ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जोरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बृजमोहन मरैया, जिला पंचायत मुरैना के सदस्य हरि सिंह कुशवाह ,उमेद सिंह फौजी, नगर परिषद कैलारस के पूर्वअध्यक्ष रमेश कुशवाहा, तथा अन्य वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित कर राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बताया बही ब्लॉक कांग्रेस जोरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार ने सावित्रीबाई फुले एवं ज्योतिराव फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुई कहा कि हमारे गांव शहर एव जिले की बेटियां जो नाम रोशन कर रही हैं बह सावित्रीबाई फुले की देन है उपस्थित जनमानस से शिक्षा के क्षेत्र में अपने नौनिहाल बच्चों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जयंती कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता बदन सिंह कुशवाह चोडेरा द्वारा रखा गया जिसमें सैकड़ों ग्राम वासी उपस्थित थे

## राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**



(अजय कुमार जैन जवाली )ग्राम पंचायत ईटंदरा मेड़तियान में मनरेगा कार्य स्थल पर उपस्थित श्रमिकों को आर्थिक एवम् सांख्यिकी विभाग राजीव गांधी युवा मित्र हनवंत सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, जन आधार कार्ड योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना सहित राज्य सरकार की जन कल्याणकारी फ्लैगशिप योजनाओं की पात्रता , लाभ और योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

# सावित्री बाई फुले की जन्मजयन्ति राष्ट्रीय दलित पिछडा वर्ग भारत प्रदेश शाखा राजस्थान के नेतृत्व में मनाई गई

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**पाली राजस्थान।** पाली सरदार पटेल नगर स्थिति सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास में राष्ट्रीय दलित पिछडा वर्ग भारत प्रदेश शाखा राजस्थान के बैनर तले प्रदेशाध्यक्ष रामलाल चौहान के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले की 192वी जन्मजयन्ति उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।प्रदेशाध्यक्ष रामलाल चौहान ने सम्बोधित करते हुए बताया कि सावित्रीबाई का विवाह बहुत ही छोटी उम्र में हो गया था। उनका विवाह महज नौ साल की उम्र में वर्ष 1940 में समाजसेवी ज्योतिराव फुले से हो गया। शादी के बाद वह जल्द ही अपने पति के साथ पुणे आ गईं। विवाह के समय वह पड़ी-लिखी नहीं थीं। लेकिन पड़ाई में उनका मन बहुत लगता था। उनके पड़ने और सीखने की लगन से प्रभावित होकर उनके पति ने उन्हें आगे पड़ना और लिखना सिखाया। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक बनने का प्रशिक्षण लिया और एक योग्य शिक्षिका बनीं। सावित्रीबाई ने अपने 18वें जन्मदिवस पर 3 जनवरी 1848 को पुणे में अपने पति के साथ मिलकर पहले स्कूल



की स्थापना की। जिसमें विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं को दाखिला दिया गया। एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पांच नये विद्यालय खोलने में सफल हुए। तत्कालीन सरकार ने इन्हे सम्मानित भी किया। एक महिला प्रिंसिपल के लिये सन् 1848 में बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा, इसकी कल्पना शायद आज भी नहीं की जा सकती। लड़कियों की शिक्षा पर उस समय सामाजिक पाबंदी थी। सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पड़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पने का भी बंदोबस्त किया। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विजयराज परिहार, गणपत मेघवाल, अनु सोलंकी, राजेश डांगी, विक्रम परिहार सुदर्शनसिंह उदावत, प्रवीण सामरिया, हरीप्रकाशजी, गोपालजी देवडा, चोथारामजी गहलोत, मिश्रीलाल गहलोत, कन्हैयालालजी परिहार, ओमप्रकाश टांक, अशोक कुमार कुलदीप, प्रकाश जोशी, कौशल्या देवडा, रमेश बोराणा, नीलु कटारियॉ, संतोष बालोटिया, लक्ष्मी बंजारा, प्रियंका जोड, यश बाबाणी, मोहन परमार, सुरजप्रकाश सिंघाडिया, द्वारकाप्रसाद जावा, सुरज भील सहित सैकडो महिला व राष्ट्रीय दलित पिछडा वर्ग के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में मौजुद रहे

# पाली जिले के इतिहास में बुधवार को जुड़ेगा स्वर्णिम पन्ना, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जम्बूरी का करेंगी शुभारंभ

## सूर्यकिरण प्रदर्शन सहित राष्ट्रपति प्रोटोकॉल का हुआ पूर्वाभ्यास जम्बूरी की तैयारियों को दिया अंतिम रूप





**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**पाली** जिले के इतिहास में बुधवार को स्वर्णिम पन्ना जुड़ने जा रहा है। रोहट के निम्बली गांव के निकट रीको क्षेत्र में बुधवार को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 18वी राष्ट्रीय स्काउट-गाइड जम्बूरी का शुभारंभ करेंगी। इससे पूर्व मंगलवार को जम्बूरी स्थल पर तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के सम्पूर्ण कार्यक्रम के प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास किया गया। वहीं वायुसेना के विमानों ने भी सूर्यकिरण प्रदर्शन की रिहर्सल की।ऐतिहासिक होगी जम्बूरीस्काउट के स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य ने मंगलवार को जम्बूरी स्थल पर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से आवंटित कार्यो की बिंदुवार जानकारी ली। श्री आर्य ने सभी अधिकारियों को पूर्ण सजगता से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री आर्य ने कहा कि राजस्थान जम्बूरी के ऐतिहासिक आयोजन के लिए तैयार है। अब तक का श्रेष्ठ आयोजन होगा।

**अधिकारियों ने लिया जायजा**-अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन श्री चंद्रभानसिंह भाटी, एडीएम सिलिंग श्री जब्बरसिंह, यूआईटी सचिव वीरेन्द्रसिंह चौधरी सहित अन्य ने जम्बूरी स्थल का भ्रमण कर जायजा लिया। हेलीपेड, मंच, एरिना आदि स्थलों की विजिट कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**चाकचौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था**-जम्बूरी स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। महामहिम राष्ट्रपति सहित अन्य वीवीआइपी की सुरक्षा को लेकर पहुंची टीमों से समन्वय करते हुए माकूल बंदोबस्त किए गए हैं। मंगलवार को पुलिस के आला अधिकारियों ने पूरे जम्बूरी स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा बंदोबस्त का जायजा लिया।

# अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर के समक्ष 60 आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर श्री जयप्रकाश सैयाम ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित



आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

# मध्य प्रदेश पुलिस कर्मचारी संयुक्त संघ ने एसपी को दी विदाई



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्य प्रदेश पुलिस कर्मचारी सहयोग संघ जिला दमोह द्वारा 2 जनवरी सोमवार को संभागीय अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, जिला अध्यक्ष एस.एम. मुश्ताक अली, जिला उपाध्यक्ष विनोद राय, आरिफ अली मीडिया प्रभारी, असलम खान संयोजक, शेख मुस्तकीम, सदस्य शहबाज अली, करन अठ्या, बाबू खान, रशीद खान, राकेश गुप्ता सुदामा तंतुवाय द्वारा पुष्पमालाओं व गुलदस्ता देकर जिला पुलिस अधिक्षक डी.आर तेनीवार को उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं सहित समस्त संगठन ने बधाई दी।

## सम्पादकीय

### जरूरी फेरबदल

पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल में होने जा रहा फेरबदल जितना स्वाभाविक है, उतने ही गहरे उसके निहितार्थ हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टीम में चार नए मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर, कुछ दिग्गज नेताओं को मंत्रिमंडल से हटाकर पार्टी संगठन में भेज दिया जाएगा। यह फेरबदल वरिष्ठ मंत्री पार्थ चटर्जी के दुखद विवाद या नकदी कांड में फंसने के बाद अवश्यंभावी हो गया था। पार्थ चटर्जी को 23 जुलाई को जैसे ही गिरफ्तार किया गया, ममता सरकार के लिए मुसीबत ख?ी हो गई। पश्चिम बंगाल सरकार की नैतिकता पर बड़े प्रश्न खड़े हो गए थे। किसी मंत्री से जुड़े ठिकानों पर इतनी ब?ी राशि का बरामद होना न केवल दुखद, बल्कि बेहद शर्मनाक भी है। गौर करने की बात है कि पश्चिम बंगाल में 'कट मनी' को लेकर पहले से ही शिकायत थी, लेकिन चुनाव के बाद एक तरह से इस मामले को भुला दिया गया। संकेत यही मिला कि पश्चिम बंगाल में मंत्री भ्रष्टाचार से परहेज नहीं कर रहे हैं। नेताओं की कथनी-करनी का अंतर लोगों के सामने स्पष्ट हो गया है। पश्चिम बंगाल सरकार की छवि आम आदमी के अनुकूल रही है। यहां तक कि ममता बनर्जी को भी आम लोगों की जमीनी नेता ही माना जाता है। जब पार्टी के नाम में ही तृणमूल शब्द जु?ा हो, तब लोगों की अपेक्षा भी बहुत ब? जाती है, लेकिन पार्थ चटर्जी कांड ने पार्टी के दामन पर गहरे दाग लगाए हैं। क्या आगामी फेरबदल से दाग धुल जाएंगे? गौर करने की बात है कि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पार्टी को एक मजबूत विकल्प के रूप में ख?ा करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्हें अपने नए मंत्रिमंडल को न केवल ईमानदार रखना होगा, जनता के बीच यह साफ संदेश भी भेजना होगा कि उनकी सरकार ईमानदार है। पहले भी राज्यों में ऐसे ब? क्षत्रप हुए हैं, जिनमें केंद्रीय राजनीति के लिए संभावनाएं देखी गई थीं, लेकिन ऐसे क्षत्रपों का आभामंडल स्थानीय स्तर पर ही समेटने में भ्रष्टाचार की ब?ी भूमिका रही है। केंद्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए पहले राज्य स्तर पर सुस्थापित होना प?ता है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुख्यमंत्री रहते अपनी छवि को एक विकास पुरुष के रूप में स्थापित किया था। ममता बनर्जी की छवि अपने राज्य में विकास के मोर्चे पर कैसी है? और ऊपर से उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भारतीय राजनीति के लिए दुखद हैं। क्या तृणमूल के नेताओं को यह भ्रांति हो गई है कि जनता भ्रष्टाचार के आरोप को माफ कर देती है? गौर कीजिए, शारदा और नारदा जैसे मामलों के बावजूद तृणमूल चुनाव जीती है। यही नहीं, राज्य में इन घोटालों के कुछ आरोपी भाजपा में भी ससम्मान शामिल किए गए हैं। अत~ पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच यह संदेश गया है कि भ्रष्टाचार को लोग मुद्दा नहीं मानते। इंदा में महिला से अभद्रता, बाल पकड़कर घसीटा, फिर जेठ ने प्राइवेट पार्ट में डाला मिर्च का पाउडरममता बनर्जी के सामने ईमानदार मंत्रिमंडल के गठन की चुनौती दरअसल भारतीय राजनीति की चुनौती है। देश को ईमानदार मंत्रियों की जरूरत है। हम अच्छे से जानते हैं कि देश में धन-वर्षा हो रही है, पर यह वर्षा देश के विकास के लिए है, किन्हीं मंत्रियों के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं। देश के अन्य मंत्रिमंडलों में भी अनेक पार्थ चटर्जी होंगे, जो यह भूल गए होंगे कि उन्हें क्यों चुनकर भेजा गया है। ऐसे मंत्रियों को चिह्नित करना होगा। मंत्रियों की ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की जरूरत है। अत~ बंगाल ही नहीं, पूरे देश में ईमानदारी के अनुरूप फेरबदल समय की मांग है।

## राशिफल



मेष।आज आप पहले से ज्यादा आत्मविश्वासी और सुरक्षित महसूस करेंगे। आपकी रगों में जागरूकता और उत्साह बहुत अधिक चल रहा है जो आपके प्रेम जीवन के लिए एक अच्छा संकेत है। यदि आप वर्तमान में एक प्रतिबद्ध रिश्ते में हैं तो चीजों को अगले स्तर पर ले जाना या अपने रहने की जगह को बढ़ाना संभव है। आपको इस बात से सांत्वना लेनी चाहिए कि आपका दिल भरा हुआ महसूस होता है, क्योंकि यह लगभग हमेशा एक सकारात्मक संकेत होता है।

वृष।आपको किसी भी ऐसी चीज से छुटकारा पाने की सलाह दी जा रही है जो अब आपको लाभ नहीं पहुंचा रही है। जो भी हो, जाने देने की आपकी इच्छा आपके जीवन में एक नई शुरुआत का द्वार खोल देगी, चाहे वह ब्रेकअप हो या नया रिश्ता। उस विशेष व्यक्ति को खोजने के लिए, अपने परिवार और दोस्तों के साथ-साथ सोशल मीडिया को भी देखें। अपना ध्यान अंदर केंद्रित करने और अपनी बैटरी रिचार्ज करने के लिए इस डाउनटाइम का लाभ उठाएं।

मिथुन। आज पूरी हवा में ऊर्जा का एक प्रबल स्तर है।

कर्क-जिस व्यक्ति की आप परवाह करते हैं, वह इस समय विशेष रूप से भावुक और खोजपूर्ण मूड में है। ऐसी संभावना है कि आप उन स्थानों पर जाएंगे जहां आप पहले कभी नहीं गए हैं। यह नई चीजों को खोजने का दिन है जो आप दोनों को एक साथ करना पसंद है और अतिरिक्त रुचियों को खोजने के लिए जो आप पर बंधन कर सकते हैं। यदि आप दोस्तों के एक अंतरंग समूह के साथ हैं तो यह आप दोनों के लिए अविश्वसनीय रूप से सुखद होगा।

सिंह- आपके रोमांटिक जीवन को सही दिशा में एक बहुत ही आवश्यक बढ़ावा मिलता है। सार्थक आदान-प्रदान करने, इत्मीनान से टहलने और नए लोगों से मिलने के लिए दिन आदर्श है। दिन किसी के रचनात्मक पक्ष और हास्य की भावना पर प्रकाश डालता है, और एक मौका है कि दोस्ती के आधार पर एक रोमांस विकसित हो रहा है। अगर आप आगे बढ़ने के इच्छुक हैं तो आपको कोई नहीं रोक सकता।

कन्या- एक नया रिश्ता आपके दिमाग और भावनाओं को व्यापक संभावनाओं के लिए खोल सकता है, फिर भी इनमें से कुछ संभावनाएं आपको आश्चर्यचकित कर सकती हैं। अपने रिश्ते के दौरान, आपने देखा होगा कि आपकी कुछ दोस्ती स्वास्थ्यप्रद नहीं हैं और आपके कुछ पुराने व्यवहार अब एक जोड़े के रूप में आपके भविष्य के अनुरूप नहीं हैं। यदि मौजूदा कनेक्शन एक बाधा साबित होता है, तो यह पुनर्मूल्यांकन का समय है।

तुला- आप अपने रिश्तों में विकास की गति के बीच में हैं, जो विस्मय और आश्चर्य की भावना पैदा कर सकता है। अपने रोमांटिक जीवन में आज आपको त्याग करने और अतिरिक्त मील जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। यदि आप एक लंबी दूरी के रिश्ते में हैं, तो यह संभव है कि आपको एक अचानक यात्रा करने की आवश्यकता होगी जिसे आपने किसी प्रियजन से मिलने के लिए लेने की योजना नहीं बनाई थी।

वृश्चिक- आपका दृष्टिकोण सकारात्मक है, लेकिन जो खो गया है उसे फिर से बनाने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी। आपके जीवन का एक पहलू जिसमें शत्रुता ने जोर पकड़ लिया है, आज प्रकट होने की क्षमता है, और इस तथ्य के बावजूद कि आप में क्षमा करने और भूलने की इच्छा हो सकती है, कुछ पारस्परिक संबंध हैं जिनमें सुलह की संभावना नहीं है। धनु ~ प्रेम संबंधों में चिंताओं को लेकर सतर्क रहें। आपके और आपके प्रियजन के बीच समस्याएं हो सकती हैं या आपके प्रियजन को आपके परिवार के साथ समस्याएं हो सकती हैं। हाल ही में कोई तर्क या गलतफहमी हो सकती है जो कठिनाई का कारण बन रही है।

मकर- आपको थोड़े समय के आनंद के लिए समझौता करने के बजाय अपनी भावनाओं और दिमाग का ख्याल रखना होगा। यदि आप एक प्रतिबद्ध रिश्ते में हैं, तो आपको अपने साथी के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने की आवश्यकता है। कभी-कभी एक कदम पीछे हटना और अपने आप से पूछना महत्वपूर्ण है कि क्या आप जो कर रहे हैं वह आपकी इच्छाओं के अनुरूप है।

कुंभ ~ थोड़ी मस्ती और चंचलता करना ठीक है, लेकिन इसे सावधानी से करें। रोमांटिक कल्पनाओं को आप पर हावी न होने दें। अगर आप अविवाहित हैं, तो आपको आज आपके सामने आने वाले किसी भी रोमांटिक दृष्टिकोण पर नज़र रखने की आवश्यकता है। किसी के लिए आपकी भावनाएं वास्तविक नहीं हो सकतीं यह केवल मोह का परिणाम हो सकता है। इस वजह से आज जमीन पर रहना ही सबसे अच्छा है।

मीन ~ पुरानी ज्वाला से दोबारा मिलने की संभावना है। यह आपको आप दोनों के बीच रोमांटिक संबंध को ताज़ा करने का अवसर प्रदान करेगा। समय पर पहल करने से आप एक-दूसरे की उपस्थिति का आनंद उठा सकेंगे। यदि आप एक बार इस व्यक्ति के साथ बिताए सुखद समय को सामने लाते हैं, तो आप पाएंगे कि यह आपके लाभ के लिए एक महत्वपूर्ण तरीके से है।

# मुर्मू विजय का मर्म समझिए

द्रौपदी मुर्मू और राष्ट्रपति भवन में बस एक औपचारिक शपथ-ग्रहण की दूरी रह बची है। वह भारत की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। उन्हें यहां तक पहुंचाकर भाजपा ने एक तरह से राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी का सपना पूरा किया है। गांधी चाहते थे कि कोई दलित महिला आजाद भारत की पहली राष्ट्रपति बने। राष्ट्रपति का पद भले ही गैर-राजनीतिक माना जाता हो, पर इसका चुनाव समूचे सियासी गुणा-भाग से होता है। जब भारतीय जनता पार्टी ने द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा की, उस दिन 23 पार्टियों वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पास 48.64 प्रतिशत वोट थे। इनमें अकेले भाजपा की हिस्सेदारी 40 फीसदी की थी। इससे जूझने के लिए प्रतिपक्ष के पास महज 35.47 प्रतिशत वोट थे। तय था कि बिना सियासी तो-फोके कोई भी राष्ट्रपति नहीं बन सकता। मोदी, शाह और नड्डा की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी से बेहतर इस खेल को भला कौन जानता हैकर्नाटक से महाराष्ट्र तक इसके प्रमाण बिखरे हुए हैं। नवीन पटनायक की अगुवाई वाले बीजू जनता दल और जगन मोहन रेड्डी की वाईआरएस कांग्रेस पार्टी जैसे पहले से बेताब बैठी थी। जगन रेड्डी तो नए हैं, पर पिछले चुनाव में भी बीजू जनता दल ने एनडीए के ही समीकरण साधे थे। यूपीए के साथी दो दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा और शिवसेना को अलग-अलग मजबूरियों से द्रौपदी मुर्मू की महागाथा में हिस्सेदारी निभानी पड़ी। चुनाव तक साफ हो चुका था कि कुलजमा 44 पार्टियां मुर्मू, तो 34 यशवंत सिन्हा के समर्थन में हैं, पर असली खेल बाकी था। मतदान के दिन कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दलों के लोगों ने खुलकर 'क्रॉस वोटिंग' की। यशवंत सिन्हा ने अंतरात्मा की आवाज पर वोटिंग की अपील की थी। ऐसा करते वक्त वह भूल गए थे कि राजनीति में 'अंतरात्मा' के बजाय अपना स्वार्थ अधिक महत्व रखता है। राष्ट्रपति का चुनाव इसका सबसे ताजा और ज्वलंत उदाहरण है। इस मतदान में गठबंधनों की एकता और सियासी प्रतिबद्धताएं सिर्फ कोरा नारा साबित हुईं। बात छिगई है, इसलिए बताने में हर्ज नहीं। राष्ट्रपति चुनाव में 'अंतरात्मा की आवाज' पर मतदान का शोशा इंदिरा गांधी की ईजाद था। 1969 में उन्होंने खुद को असली कांग्रेस साबित करने के लिए यह नारा उछाला था। उनका सूरज चरहा था, लिहाजा यह तरकीब काम कर गई। उनके उम्मीदवार वराहगिरी वेंकट गिरी सियासी खलीफा नीलम संजीव रेड्डी को पछाड़ने में कामयाब रहे। गौरतलब है कि सिन्हा ने जब इस नारे को बुलंद किया, तो उनका और उनके समर्थकों का पारा ऊपर नहीं, नीचे जाता दिख रहा था। यही वजह है कि द्रौपदी मुर्मू को 64.03 प्रतिशत और यशवंत सिन्हा को सिर्फ 35.97



फीसदी मत मिले। आप यदि पिछले तीन राष्ट्रपति चुनावों का ब्योरा उठाकर देखें, तो पाएंगे कि 2007 में प्रतिभा देवी सिंह पाटिल रही हों, या 2012 में यूपीए के प्रणब मुखर्जी अथवा 2017 में एनडीए के रामनाथ कोविंद, हर बार उसी को देश का प्रथम नागरिक बनने का गौरव हासिल हुआ, जिसे दिल्ली दरबार ने चुना था। तीनों बार विजेता को 65 से 70, तो पराजित को 30 से 35 फीसदी मत मिले। मौजूदा राष्ट्रपति चुनाव भी इसका अपवाद नहीं साबित हुआ। आप चाहें, तो यहां अंतप्पुर की छल, बल और कपट से भरी कहानियों को याद कर सकते हैं। हालांकि, इससे राजनेताओं को कोई फर्क नहीं पड़ता।इस चुनाव ने विपक्षी एकता के पैरोकारों की एक बार फिर मिट्टी पलीद कर दी है। कांग्रेस ने जान-बूझकर खुद को नेपथ्य में रखा था। कमान शरद पवार और ममता बनर्जी के हाथों में सौंप दी गई थी। यशवंत सिन्हा तृणमूल की पसंद थे। आपको याद होगा, कुछ महीने पहले ममता बनर्जी दिल्ली आकर विपक्ष के तमाम दिग्गजों से मिल रही थीं। उस समय उनके अलमबरदारों ने डुगडुगी बजाई थी कि वह गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेसी विपक्ष की सर्जना में जुटी हैं। 2024 का चुनाव उनका होगा। वह बुलबुला तो तभी फूट गया था, पर रही-बची कसर इस चुनाव ने पूरी कर दी। वजहशिवसेना में बगावत से शरद पवार महाराष्ट्र में सिमटकर रह गए और ममता बनर्जी अभी तक राष्ट्रीय अपील बनाने में सफल नहीं साबित हुई हैं। फिर बीजू पटनायक और जगनमोहन तो हैं ही। वे अपने प्रदेश से भाजपा को दूर रखना चाहते हैं। उन्हें भाजपा जैसे मजबूत विपक्ष के बजाय एक कमजोर एनडीए और बिखरी हुई कांग्रेस चाहिए। जगन ने तो अभी यह राह चुनी है, पर नवीन पटनायक पिछली पांच अवधियों से इसी तरह चुनाव जीतते चले आ रहे हैं। वह दिल्ली के सिंहासन से सीधा टकराव मोल न लेकर भुवनेश्वर की अपनी गद्दी सुरक्षित रखने में भला समझते आए हैं। क्या यह दांव हमेशा कारगर रहेगाअगले चुनाव में आंध्र और ओडिशा में इसकी परीक्षा होगी। अब उप-राष्ट्रपति प्रत्याशी और चुनाव पर आते हैं। एनडीए ने जगदीप धनखको चुना, जबकि कांग्रेस ने अपनी पुरानी नेता मार्गेरेट अल्वा पर दांव लगाया। धनखने अब तक कुलजमा एक विधानसभा और एक लोकसभा चुनाव जीता है। इसके मुकाबले अल्वा सिर्फ एक बार जनता के जरिये चुनकर आई हैं। वह नेहरू-गांधी परिवार की करीबी होने के कारण लंबे समय तक तमाम पदों को सुशोभित करती रही हैं। उनका सियासी कद बड़ा है, पर वह कुछ सालों से चर्चा से दूर थीं।अगर आप राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनावों के प्रत्याशियों पर नजर डाल देखें, तो एक अद्भुत विषमता नजर आएगी। भाजपा ने आने वाले चुनावों के मद्देनजर जमीनी नेताओं का चयन किया है। इसके मुकाबले यूपीए के उम्मीदवार संभ्रांत और लुटियन दिल्ली के बाशिंदे हैं। भद्रलोक और आमजन के बीच की चुनावी खाई 2014 के बाद से सायास चौड़ी हुई है।

**बिना सियासी तो-फोके कोई भी राष्ट्रपति नहीं बन सकता। मोदी, शाह और नड्डा की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी से बेहतर इस खेल को भला कौन जानता हैकर्नाटक से महाराष्ट्र तक इसके प्रमाण बिखरे हुए हैं। नवीन पटनायक की अगुवाई वाले बीजू जनता दल और जगन मोहन रेड्डी की वाईआरएस कांग्रेस पार्टी जैसे पहले से बेताब बैठी थी**

# श्रीलंका से उठते धुएं का संदेश

श्रीलंका के कार्यवाहक राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे की शिकायत है- 'हिटलर जैसी मानसिकता के लोगों ने मेरे घर पर हमला बोल दिया। उन लोगों ने न केवल उसे तहस-नहस किया, बल्कि 200 से ज्यादा पुरानी दुर्लभ पेंटिंग और ढाई हजार पुस्तकों को आग के हवाले कर दिया। मेरी अकेली पूंजी यही थी।' इतनी पुस्तकों का संग्रह रखने वाले विक्रमसिंघे ने यकीनन फ्रांस और रूस की राज्य-क्रांतियों के बारे में पड़ा होगा। उनका अकेला सबक है, भूख से बिलबिलाती जनता किसी तख्त-ओ-ताज की परवाह नहीं करती। श्रीलंका में यही हो रहा है। इस द्वीप देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब लोग अपने काम पर नहीं जा पा रहे हैं, स्कूल बंद हैं, दुकानें खाली पड़ी हैं और कीमतें आसमान के पार पहुंच चुकी हैं। गुजरी 9 जुलाई को जिस तरह की भीड़ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के सरकारी आवास और उसके आसपास दिखाई पड़ी, उसने साबित कर दिया कि यह मौजूदा वक्त की दुर्लभ घटना है। वहां गम और गुस्सा महीनों से खदबदा रहा था। महंगाई लोगों का जीना मुहाल किए हुए थी और क्षुब्ध जन रह-रहकर सड़कों पर आ जाते थे। इस दौरान कई सांसद उनके गुस्से का शिकार बन चुके थे। 9 जुलाई का प्रतिरोध पहले से घोषित था, पर यह इतना भयंकर होगा, इसका अंदाजा लगाने में गोटबाया का तंत्र नाकाम रहा। लोग इतनी बड़ी संख्या में उमड़े कि पुलिस और सेना की लाठियां, गोलियां अथवा अश्रु गैस अर्थहीन साबित हुईं। हताश राजपक्षे देश छोड़कर भाग गए, जबकि उनके भाई को नाराज लोगों ने कोलंबो हवाई अड्डे पर रोक लिया। राजपक्षे परिवार ने दशकों इस मुल्क पर हुकूमत की। क्या गोटबाया लुई 16वें या जार निकोलाई द्वितीय की तरह सत्ता के लंबे सिलसिले की आखिरी और बदनाम कड़ी साबित होने जा रहे हैंड़ उनके पलायन से पहले ही जनता मान चुकी थी कि ये हमारे जनार्दन नहीं, बल्कि हितहंता हैं। यही वजह है कि जो भीड़ राष्ट्रपति भवन में घुसी, उसका कोई सर्वमान्य नेता नहीं था। बहुत से लोग वहां अपने बच्चों को सिर्फ यह दिखाने पहुंचे कि देखो, हम कैसे दुर्दिन जीते हैं और हमारे राजनेता किस वैभव का आनंद उठाते हैंड़उनके पलायन के बाद जब कमान रनिल विक्रमसिंघे के पास आई, तो प्रतिरोध एक बार फिर भड़क उठा। जन-मान्यताओं में वह गोटबाया की चौसर पर चस्पां 'गोट' भर हैं। अविश्वास के इस माहौल में वह विपक्षी दलों को कैसे साथ लेंगेड़ जन-समर्थन कैसे जुटाएंगेड़ आक्रोश शांत करने के लिए उन्होंने आपातकाल की घोषणा कर दी है, पर पुलिस और सेना के जवानों की सहानुभूति जनता के साथ है। लोग अभी भी सड़कों पर हैं। सुरक्षा बल



उन्हें तितर-बितर करने के लिए ज्यादातर आंसू गैस छोड़ते, हल्का लाठीचार्ज करते या हवा में गोलियां चलाते दिखे। संसद भवन में घुसती भीड़ को रोकने के लिए उन्हें अपेक्षाकृत अधिक कड़ाई से काम लेना पड़ा। नतीजतन, तीन लोग मारे गए। कोलंबो की सड़कों पर इसके बाद टैंक तैनात कर दिए गए। इसके बावजूद सैनिकों और आम जन में सौहार्द चुका नहीं। कहीं सैनिकों ने आंसू गैस से हलकान लोगों को पानी पिलाया, तो कहीं प्रदर्शनकारी घायल सैनिकों की मदद करते दिखे। यही वजह है कि राष्ट्रपति भवन पर कब्जा जमाए लोग बगैर बल प्रयोग के बाहर निकल गए। यह जज्बा इस समूचे आंदोलन को अनूठा स्वरूप प्रदान करता है।ीलंका में इम्तिहान सिर्फ हुकूमत का नहीं, बल्कि समूची सियासी जमात का है। आर्थिक ज्वालामुखी के विस्फोट का शिकार होने वाला यह अकेला देश नहीं है। उसकी तरह लेबनान में भी जन-विद्रोह के हालात हैं। वहां की हुकूमत विदेशी कर्ज चुकाने में नाकामयाब रही है। खाद्यान्न, दवाइयों और आवश्यक वस्तुओं के अभाव में लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। यही हाल वेनेजुएला सहित लैटिन अमेरिका के तमाम देशों और घाना समेत कुछ अफ्रीकी देशों का है। कुलजमा 17 मुल्कों के लोग इसी विपदा के शिकार हैं। धरती के इन हिस्सों में समूची आबादी के 12 फीसदी लोग रहते हैं।

क्या 90 करोड़ की इस विशाल आबादी के दुख-दर्द को भूलकर दुनिया आगे की राह नाप सकती हैड़ क्या इनकी मदद के लिए मालदार देश और वैश्विक संस्थाएं कुछ कारगर कदम उठा पाएंगीड़

मौजूदा हालात में ऐसा नहीं लगता। खुद यूरोपीय महाद्वीप और अमेरिका कोरोना के समय से डगमग हैं। हालात कुछ सुधरे थे कि रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। अब इस जंग ने न केवल यूरोप को पूरी तरह विभाजित कर दिया है, बल्कि एक और खतरा पैदा हो गया है। मास्को ने 'सालाना रखरखाव' के लिए 'नॉर्ड स्ट्रीम-1' को 21 जुलाई तक के लिए बंद कर दिया है। पश्चिम को संदेह है कि दबाव बड़ाने के लिए पुतिन इसे आगे और बड़ा सकते हैं। इसके रुक जाने से जर्मनी समेत तमाम देश अंधेरे में डूब सकते हैं। साथ ही तमाम अन्य मुश्किलात पैदा हो सकती हैं। अगर ऐसा हुआ, तो पहले से ढलान पर खड़ी इस महाद्वीप की अर्थव्यवस्था और बदतर हो जाएगी। यह तब है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से अब तक ऊर्जा की कीमतों में 400 फीसदी तक की बड़ोतरी दर्ज हो चुकी है।

ध्यान रहे। गई15 फरवरी को ही विश्व बैंक ने दुनिया को आगाह किया था कि 70 विकासशील देशों के सिर पर विदेशी कर्ज का 'डिफॉल्टर' होने का खतरा मंडरा रहा है। गौर करें, तब तक रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं छिड़ा था। लड़ाई 24 फरवरी को शुरू हुई और मार्च में संयुक्त राष्ट्र ने अगली चेतावनी जारी की, जिसमें कहा गया कि 107 अर्थव्यवस्थाओं पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यहां खाद्य वस्तुओं और ईंधन में इतना उछाल आ सकता है कि ये देश गंभीर वित्तीय संकट में फंस जाएंगे। तमाम मुल्क तो अभी से खाद्यान्न के लिए पूरी दुनिया से गुहार लगा रहे हैं। मिस्र के पास कुछ दिन लायक गेहूं बचा है, तो ट्यूनीशिया इन तीनों समस्याओं से एक साथ जूझ रहा है। वहां विदेशी कर्ज कुल सकल घरेलू उत्पाद का दोगुना हो चुका है। क्या श्रीलंका और लेबनान शुरुआत भर हैंड़श्रीलंका के साथ हमारे पड़ोसी पाकिस्तान और नेपाल समान संकट का शिकार हैं। पाकिस्तान के योजना एवं विकास मंत्री अहसान इकबाल ने पिछले महीने फरमाया कि लोग एक-दो कप से ज्यादा चाय न पिएं,

# घृणा और प्रतिशोध का नया दौर

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की चुनावी रैली के दौरान हत्या स्तब्ध करती है। वह हंसमुख और मिलनसार राजनेता थे। उन पर भला ऐसा हमला क्यों हुआ हमलावर तेत्सुआ यामागामी कभी नौसेना में हुआ करता था। उसमें इतनी नफरत क्यों और कहां से आई जापान 'गन-कल्चर' से खुद को दूर रखता आया है। उसकी धरती पर रचा गया यह कांड गहरी साजिश के साथ घृणा के उस सैलाब की ओर इशारा करता है, जिसने संसार भर में समाज और सरकारों के बीच जानलेवा अलगाव पैदा कर दिया है।

हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है और यहीं के उदाहरण से चर्चा शुरू करता हूं। पिछले हफ्ते गाजियाबाद की एक रिहायशी सोसायटी में अलस्सुबह छत्तीसग पुलिस के जवान एक प्रख्यात चैनल के एंकर को गिरफ्तार करने पहुंचे। वे अपने काम को अंजाम दे पाते, इससे पहले संबंधित थाने की पुलिस वहां पहुंचकर उनसे सवाल-जवाब करने लगती है। देखते-देखते हाथापाई की नौबत आ जाती है। धक्का-मुक्की का यह दौर जारी था कि नाटकीय अंदाज में गौतमबुद्धनगर पुलिस की एंट्री होती है। वह उस एंकर को अपने साथ ले जाती है। गजब यह कि अखबारों में छपा, नोएडा पुलिस ने पत्रकार के यहां दबिश की रवानगी बिना प्रथम सूचना दर्ज किए कर डाली थी।इसके बाद नोएडा के सेक्टर 20 थाने में दिन भर 'टेक्निकल' वाद-विवाद चलता है। छत्तीसग के पुलिसकर्मियों के पास गिरफ्तारी वारंट था, जबकि गौतमबुद्धनगर पुलिसकर्मियों का कहना था कि हमारे पास जी न्यूज प्रबंधन द्वारा लिखाई गई शिकायत है, जिसमें हम संबंधित 'एंकर' को संदिग्ध मान रहे हैं। बाद में उस एंकर को गिरफ्तार कर थाने से ही जमानत पर रिहा कर दिया गया, पर वह छत्तीसग पुलिस के हाथ आने के बजाय गुम हो जाता है। उसके अधिकारी रायपुर की अदालत में इस एंकर को फरार बताते हुए कुर्की वारंट जारी करने की गुहार लगा देते हैं। वे गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी उनके कर्मचारियों की औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हैं। चूहे-बिल्ली का यह खेल अगले तीन दिन तक जारी रहता है। शुक्रवार की दोपहर आला अदालत ने रोहित रंजन की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी और रायपुर से आए दस्ते को हाथ मलते हुए लौटना पा। एंकर पर आरोप है कि उसने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के एक



बयान को गलत संदर्भ में पेश किया। हालांकि, चैनल ने अगले दिन खुद को घिरता देख माफी मांग ली थी, पर मामला ठंडा नहीं हुआ। इस समूचे प्रकरण ने उन प्रश्नों को पुन~ धार दे दी है, जो कई सालों से रह-रहकर उभरते आए हैं। क्या पुलिस भी अब तेरी-मेरी हो गई है कानून का अनुपालन क्या अब सत्तारू पार्टी के हक-हुकूकों के तहत किया जाएगाइन सवालों पर चर्चा इसलिए जरूरी है, क्योंकि इस कार्यशैली से संविधान की सुरक्षा और उसके प्रति लोगों की निष्ठा खतरे में प रही है। आपको याद होगा। कुछ हफ्ते पहले इसी तरह का तमाशा दिल्ली में दिखा था, जब पंजाब और दिल्ली की पुलिस भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर आमने-सामने थी। बाद में पंजाब पुलिस को हरियाणा में रोक लिया गया और उन्हें 'तकनीकी आधार' पर उस नेता को रिहा करना पा। मामला अदालत के विचाराधीन है और नेता जी दिल्ली में स्वतंत्र घूम रहे हैं। मैं चाहूं, तो ऐसी तमाम घटनाओं की याद दिला सकता हूं, जब राजनीतिक कारणों से एक राज्य के पुलिसकर्मी दूसरे राज्य के वर्दीधारियों से टकरा गए या खुल्लम-खुल्ला केंद्रीय एजेंसियों के सामने जा खड़े हुए।क्या इससे भारत के संघीय ढांचे को खतरा नहीं पैदा हो रहायह मुद्दा तब और गंभीर हो जाता है, जब हम पत्रकारिता के साथ न्यायपालिका पर हो रहे हमलों को तेज से तेजतर होता पाते हैं। पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा पर एक न्यायमूर्ति द्वारा की गई कठोर टिप्पणी को लेकर तरह-तरह की बातें सोशल मीडिया पर तूफान मचाए हुए हैं। न्यायपालिका के खिलाफ पहले भी बोला और लिखा जाता रहा है, पर वह असहमति का सूचक होता था। उग्र आलोचना और नियोजित 'कैंपेनिंग' का यह दौर अब तक अजनबी था।भारत ही नहीं, समूची दुनिया इस समय नफरत के इसी कारोबार से लहूलुहान है। सोशल मीडिया के महाकाय कॉरपोरेट जब फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और ऐसे अन्य प्लेटफॉर्म लेकर सामने आए, तब कहा गया था कि इससे दुनिया एक-दूसरे के करीब आएगी। शुरू में ऐसा हुआ भी, पर बाद में ये प्लेटफॉर्म बेलगाम हो गए। प्यू रिसर्च सेंटर ने पिछले साल दावा किया था कि 41 फीसदी अमेरिकी कभी न कभी ऑनलाइन उत्पीन से वाबस्ता हुए हैं। 18 से 45 साल के व्यक्तियों के बीच हुए एक अन्य अध्ययन में 83 प्रतिशत लोग नफरत के शिकार बताए गए। नस्ल, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग, शारीरिक विकार और विस्थापन जैसे संवेदनशील मुद्दे चरमपंथी विचारों और समूहों की भेंट च चुके हैं। 'व्हिसलब्लोअर' फ्रांसेस हौगेन ने ब्रिटिश संसदीय दल के समक्ष लगभग दो साल पहले दावा किया था कि फेसबुक (अब मेटा) अपने मुनाफे के लिए घृणा के इस दौर को हवा दे रहा है। भारतीय मूल के इंजीनियर अशोक चंदवने ने कंपनी को अलविदा कहते हुए लिखा था, 'मैं अब ऐसे संगठन में योगदान नहीं दे सकता, जो अमेरिका और दुनिया भर में नफरत को बावा दे रहा है।'हालांकि, मेटा ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि हम तो जहर बुझी सामग्री की सफाई का काम करते हैं। उसके अनुसार, सिर्फ भारत में पिछली मई में 1.75 करो पोस्ट इसलिए हटा दी गई, क्योंकि उनमें आपत्तिजनक सामग्री पाई गई। आप जानते ही होंगे, लगभग तीन अरब लोग हर माह मेटा प्लेटफॉर्म का थोा या बहुत इस्तेमाल करते हैं।कोई कुछ भी कहे, पर यह सच है कि सोशल मीडिया अपनी राह से भटक गया है। इसके पीछे सुनियोजित प्रयास हैं, क्योंकि समूची दुनिया में अब ताजो-तख्त का फैसला जोने के बजाय तोने के मुद्दे पर किया जाने लगा है। हुकूमतें और हुक्मरां इसके जरिये लोगों का ध्यान असली मुद्दों से हटाने में कामयाब होते हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 के बाद से धरती पर 81.10 करो लोग खाली पेट सोने को मजबूर हैं। हर रोज 25 हजार इंसान भूख से तप-तपकर जान दे देते हैं। यही नहीं, 45 देशों के पांच करो से अधिक लोग अकाल के कगार पर हैं।

# वृंदावन वासी श्री श्री 108 किशोर दास जी महाराज की होंगी कथा

## 5 जनवरी को प्रसिद्ध गायक चित्र-विचित्र की होगी भजन संध्या


चित्र विचित्र जी



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** स्थानीय तहसील ग्राउंड के मैदान में आगामी 4 जनवरी एवं 5 जनवरी को वृंदावन वासी गोरेलाल


निकली कलश यात्रा

निकुंज आश्रम के परम पूज्य श्री श्री 108 महंत श्री स्वामी किशोर दास देव जू महाराज के मुखारविंद से भक्तमाल कथा आयोजित होने जा रही है जिसके संबंध में दूसरी बैठक का आयोजन कथा स्थल तहसील ग्राऊंड पर सोमवार शाम को किया गया एवं मंगलबार कि शाम कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गयी। इस कथा के संयोजक असाटी परिवार के सौरभ असाटी एवं संदेश असाटी ने सभी दमोह वासियों से इस भक्तमाल कथा एवं चित्र-विचित्र की संध्या में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने के लिए आमंत्रित किया है बैठक में विशेष रूप से मौजूद पंडित सतीश तिवारी ने बताया कि भक्तमाल कथा एवं भजन संध्या के संबंध में दमोह के गणमान्य नागरिक के साथ दूसरी बैठक का आयोजन आज किया गया है. 4 जनवरी एवं 5 जनवरी को परम पूज्य महाराज जी की भक्तमाल कथा होने जा रही है. जिसकी विभिन्न तैयारियों का जायजा लेने के लिए इस बैठक का आयोजन किया गया एवं सभी को उनकी जिम्मेदारियों सौंपी गई. परम पूज्य श्री श्री 108 महंत श्री स्वामी किशोर दास देव-जू महाराज 3 जनवरी को बूंदाबहु मंदिर में पधारेंगे. जहां से गाजे-बाजे के साथ भव्य अगवानी करते हुए उन्हें उनके विश्राम स्थल टंडन बगीचा असाटी परिवार के यहां ले जाया जाएगा। भक्तमाल कथा के साथ 4 तारीख को जबलपुर की आर्केस्ट्रा टीम के द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।साथ ही साथ 5 जनवरी को रसिक संत बाबा चित्र जी महाराज एवं विचित्र जी महाराज की भजन संध्या का आयोजन होगा. बडी देवी मंदिर पुजारी पंडित आशीष कटारे ने बताया कि दमोह के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हम सभी ने राम कथा और भागवत कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया है इस बार वृंदावन के महाराज जी के मुखारविंद से भक्तमाल सुनने का सौभाग्य हम सभी को असाटी परिवार के माध्यम से मिलने वाला है. मेरा सभी दमोह वासियों से यह निवेदन है कि 4 जनवरी एवं 5 जनवरी को तहसील मैदान में भक्तमाल कथा का श्रवण करने के लिए अवश्य पधारें. इस अवसर पर चंद्रगोपाल पौराणिक, आशीष कटारे, पं. मनु मिश्रा, पंडित मोनू पाठक, पं. सतीश तिवारी, संजू यादव, जयपाल राजपूत, सौरभ असाटी, संदेश असाटी, सत्यप्रकाश असाटी, प्रसून असाटी दलाल, जगदीश असाटी गुड़िया वाले, मनोज प्यासी, राम पटेल, कपिल बिदौलिया, राजुल चौरहा, दीपक साहू, हैप्पी असाटी, अखिलेश चौबे, सिकंदर खरारे, भगवत पाठक, सोनू नामदेव, प्रदीप असाटी, विनय असाटी,अखिलेश सिंह ठाकुर, संजय सिंह राजपूत, जित्तू असाटी, भरत पटेल, वीरेंद्र अठया, लवकुश अठया, प्रशांत खरे, देवेंद्र अठया,नरेंद्र सिंह कि विशेष उपस्थिति रही।

# धान से भरा ट्रक पलटा बाल बाल बचा ड्राइवर जाने कहां की है घटना

संवाददाता हेमचंद नागेश

**गरियाबंद।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मार्ग में आज मंगलवार सुबह 10 बजे मैनपुर के तरफ से धान भरकर जा रहे ट्रक उर्रतुली घाटी में अनियंत्रित होकर जा घुसा और पलट गया। सड़क की चौड़ी करण नहीं होने के कारण साइट देना मुस्किल हो गया है। ड्राइवर अपने जान को जोकिम में डाल के साइट देते हैं। सुबह करीब 10 बजे धान से भरा ट्रक नेशनल हाईवे 130 में उर्रतुली घाटी में साइट देते समय अनियंत्रित होकर पलट गया।इस घटनाक्रम में भारी नुक़सान हुआ है। यह कोई पहली घटना नहीं है



# वर्धा पहुँचे केंद्रीय राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल

## चौपाल में लोगो से की चर्चा एवं योजनाओं की जानकारी दी

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंगलवार सुबह बागेश्वर धाम से सीधे हटा विधानसभा के वर्धा पहुंचे, यहां उन्होंने हनुमान मंदिर के पास चौपाल के माध्यम से लोगो से संवाद किया और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमे विशेष रूप से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा ग्रामीण अंचलों में नलजल योजना के तहत कार्य, लोगो के घरों तक पानी आदि पर विस्तार से चर्चा की। यहां ग्रामीणों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पटेल से अबैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की जिसमे तत्काल ही निर्देश दिए, उन्होंने यहां वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया। इस अवसर पर हटा विधायक पी.एल. तंतवाय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, गोपाल पटेल, पूर्व विधायक उमा खटीक, डॉ. रामगोपाल सोनी, प्रदीप गुप्ता, गोपाल पटेल, बहोरन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। वर्धा से प्रस्थान करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री श्री पटेल पाठा और कनकपुरा म?यादो गांव में रुके ग्रामवासियो और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की।



# केंद्रीय राज्यमंत्री प्रह्लाद पटैल कि पायलट गाड़ी को बस ने मारी टक्कर

## 4 पुलिस कर्मी हुये घायल एक कि हालत गंभीर


केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटैल


परिजनों को सांत्वना देते मंत्री

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की सुरक्षा में चल रहे जवानों की गाड़ी को बुंदेलखंड एक्सप्रेस बस ने मारी टक्कर हादसे में 3 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से हुए घायल तो 1 पुलिस कर्मी को चोटे बस आयी है जबकि एक पुलिस कर्मी कि गंभीर हालात को देखते हुये जबलपुर रिफर किया गया है । घटना के समय अन्य साथी पुलिसकर्मियों के द्वारा सभी घायलों को तत्काल ही दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ सभी का इलाज जारी है।मामला दमोह के नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र के चंपत पिपरिया गांव के समीप की बताई जा रही है मौ? से बस का ड्राइवर फरार हो गया जबकि बस को पुलिस जब्त कर चौकी ले गयी।घटना में घायल पुलिस कर्मियों के नाम एस आई एम पी सिंह, प्रधान आरक्षक देवी सिंह, वाहन चालक प्रधान आरक्षक यासीन खान गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को देखने तत्काल ही केंद्रीय राज्यमंत्री दमोह कोतवाली टी. आई विजय सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पुलिस



प्रहलाद पटैल,एडिशनल एसपी, सीएसपी, स्टाफ अस्पताल में मौजूद रहा।

# छात्र नेता अहसन मेमन बनाए गए छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश सचिव

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद जिले के छात्र नेता अहसन मेमन को मिली बड़ी जिम्मेदारी बनाए गए छत्तीसगढ़ ह्स्ढ्ढ (भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन) के प्रदेश सचिव मेमन पहले भी कई पदों पर जिम्मेदारी निभाएं जैसे अल्पसंख्यक विभाग के शहर उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष नियुक्त हुए स्कूल यूनिट का चुनाव जीत कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए अहसन मेमन ने इसका श्रेय अपने मार्गदर्शन एवं राजनीतिक गुरू गरियाबंद जिले के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत श्री आबिद ढेबर जी को दिया एनएसयूआई में मलिकार्जुन खरगे ?, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में एनएसयूआई का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है । जोकि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यो को प्रदेश के अंतरिम छात्र तक पहुंचा कर संगठन को मजबूत करने जैसी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। अहसन मेमन के छात्र संगठन के प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है ?। अहसन मेमन ने छत्तीसगढ़



के श्री मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीरज कुंदन जी एनएसयूआई छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री विशाल चौधरी जी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी रायपुर के युवा महापौर श्री एजाज ढेबर जी भिलाई विधायक श्री देवेंद्र यादव जी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री आकाश शर्मा जी को आभार व्यक्त किया और मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष श्री नीरज पांडे जी एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अमित शर्मा जी एवं उनके मार्गदर्शक उनके राजनीतिक गुरु श्री आबिद ढेबर जी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद अर्पित किया और विश्वास दिलाया अपने पद का अपने कर्तव्यों का सच्ची श्रद्धा व पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया ।एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं घनश्याम यादव , अनीश मेमन, यशवन्त सिन्हा, फरदीन खान, वारिस वारसी, सागर वर्मा तुषार, वसीम खान, आयुष, प्रीतम बंजारे , देवेंद्र कुमार ?, लीलाधर सोरी, खुबलाल साहू , रेख राम, राहुल साहू, नवीन, निखिल यादव, तरुण नग, सौरभ मंडावी, यश सोनवानी, अय्यूब खान, मुकेश कुमार, रूपेश, युराज साहू, नील साहू, ने बधाई वा शुभकामनाएं दी ।

# मुख्यमंत्री के भाषण देते वक्त 75 कुर्सियां खाली आरक्षण पर जनता कांग्रेस का नाटक समझ चुकी है: भाजपा

**मंच पर बैठे कांग्रेस के नेता 50/50 लोग भी नहीं ला पाए दावा एक लाख का था पहुंचे 5000 भी नहीं जनता ने किया किनारा अरुण साव**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस की जन अधिकार रैली को पूरी तरीके से महाफ्लॉप बताते हुए कहा जब मुख्यमंत्री भाषण दे रहे हैं तब 75 फ़ीसदी कुर्सियां खाली रही। अरुण साव ने कहा कांग्रेस के नेता मंच से भाषण दे रहे थे और 25 प्रतिशत कुर्सियों पर बैठे हुए लोग भी जत्थे के रूप में बाहर जा रहे थे जनता ने कांग्रेस को आइना दिखा दिया है।श्री साव ने कहा कांग्रेस ने पूरा शासन-प्रशासन झोंक दिया लेकिन फिर भी लोग नही जुटा पाए क्योंकि आरक्षण पर कांग्रेस की बदनीयती को जनता समझ चुकी है सभी यह



जानते हैं कि कांग्रेस ही आरक्षण विरोधी है। कांग्रेस जानबूझकर आरक्षण को लटकाने के काम कर रही है और मंच से भाषणों में अपने आप को आरक्षण की पक्षधर बताती है जबकि राजभवन के सामान्य से सवालों के जवाब नहीं दे रही है।श्री साव ने कहा कि आज कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी ने भी देख लिया कि कांग्रेस के समर्थन में कितने लोग हैं यह रैली स्वयं छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं के लिए फजीहत का माध्यम बनी है आरक्षण पर अब कांग्रेस का नाटक नहीं चलेगा यह जनता ने संदेश दे दिया है। श्री साव ने कहा जैसे कांग्रेस का जनघोषणापत्र छल घोषणापत्र साबित हुआ था वैसे ही कांग्रेस की जन अधिकार रैली छल अधिकार रैली साबित हो गई।

# डी के डी एन यू के तत्वाधान में क्रिकेट महाकुंभ का हुआ समापन....

## 12दिनों तक चलने वाली इस क्रिकेट महाकुंभ में दंडामुड़ा कि टीम विजयी रही.....

देवभोग से प्रमेश अवस्थी की न्यूज़...

.. **देवभोग** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम दहीगांव में 23 से 2 जनवरी तक 12 दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन ग्राम पंचायत दहीगांव व कोसमकानी पंचायत के कुल पांच आश्रित गांव के तत्वाधान में किया गया ।जिसका फाइनल मुकाबला 2 जनवरी को आर सी सी डंडामुड़ा व कांटाभांजी के मध्य खेला गया। जिसमें आर सी सी की टीम विजई रही । वहीं रनफ के रूप में उड़ीसा काटाभांजी की टीम रही ।12 दिनों तक चलने वाले इस क्रिकेट महाकुंभ में कुल 16 टीमों ने भाग ली थी। जिसमें अंतर जिला व उड़ीसा राज्य की टीम ने शिरकत की थी।12 दिनों तक चली इस क्रिकेट महाकुंभ में अंतिम चार में दो उड़ीसा और दो छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना स्थान बनाई थी ।जिसमें सेमीफाइनल में दो छत्तीसगढ़ की टीमों को हराकर उड़ीसा राज्य की दो टीमों ने फाइनल में अपना स्थान बनाए ।जिसमें उड़ीसा आर सी सी डंडामुडा फाइनल जीतकर चमचमाती ट्राफी व नगद 55555 रुपए की राशि अपने नाम की। वहीं उप विजेता रहीं कटाभंजी कि टीम को 33333रूपये व ट्रॉफी दी गई। वहीं पुरे मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आर सी सी टीम के प्लेयर रूद्र को प्लेयर ऑफ द मैच व मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।वहीं पूर्व संसदीय सचिव श्री गोवर्धन मांझी के कर कमलों से विजेता टीमों को ट्राफी व 55555 रूपये की राशि दी गई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गोवर्धन मांझी ने कहा कि खेल खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए ।और खेल से शारीरिक दक्षता में भी विकास होती है ।और जीत उसी की होती है जो रण भूमि में सर्वोच्च अपना योगदान देते हैं ।वही पूरी मैचों कि अध्यक्षता ग्राम पंचायत दहिगाव के सरपंच श्री खगेश्वर नागेश ने की। और अपने संबोधन में कहा कि खेल को प्रतिकारक की भावना से नहीं खेलना चाहिए। बल्कि जीत के लिए हर कोशिश करनी चाहिए। और जो इस खेल में सर्वोच्च अपना योगदान देता है उसी को ही जीत मिलती है।वही इस समापन कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव श्री गोवर्धन मांझी, जिला पंचायत सभापति धनमती यादव, जिला पंचायत प्रतिनिधि देशबंधु नायक ,जनपद सभापति असलम मेमन, क्षेत्र के जनपद सदस्य अमितेश अवस्थी , कोसमकानि के सरपंच कार्तिक यादव ,और उड़सिा क्षेत्र के सरपंच अजीत पोटा,जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गोविंद रेंगे, रंजीत पात्र क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं पांचों ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भी समापन समारोह में मौजूद रहे और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।



# सफलता के लिये दृढ़ आत्मविश्वास जरूरी

## जीतो बैंगलुरु नार्थ महिला विंग की कार्यशाला

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** जितों बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग द्वारा सदस्यों के लिये ÷सफलता÷ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन सरोज



गिरिया के गिरियास इन्वेस्टमेंट के प्रांगण में किया गया। सभी का स्वागत करते हुए एवं नव-वर्ष की बधाई देते हुए अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने सदस्यों से कहा कि जीतो में महिला विंग के कंधो पर महिला उन्नति, महिला जागृति एवं महिला शिक्षा जैसे विषयों पर समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करते रहने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। कार्यक्रम आयोजित करने से ही हमारी जिम्मेदारी की इतिश्री नही मान लेना है अपितु कार्यक्रमों के अच्छे परिणामों पर ही आयोजन की सफलता निर्भर करती है। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य करने की इच्छा करने मात्र से सफलता प्राप्त नही होती बल्कि सफलता के लिये अपने भीतर के आत्मविश्वास को जगाना होता है साथ ही दृढ़ संकल्पित होने की भी आवश्यकता होती है एवं दृढ़ संकल्प में अद्भुत शक्ति होती है।कार्यशाला में बताया गया कि जब एक कार्यकर्ता किसी संस्था से जुड़ता है तो प्रतिज्ञा करता है कि वो सेवा के लक्ष्य प्राप्ति में सफल होकर रहेगा तो उसके अंदर की सभी शक्तियां आश्चर्यजनक रूप से उजागर होने लगती है और जब वह लक्ष्य पर अटल रहता है तब उसकी सभी योग्यतायें उसकी मदद करने को आतुर रहती है। परिणामस्वरूप वह साधारण से असाधारण बन जाता है। जीतो के प्रत्येक सदस्य में वो क्षमता है, शक्ति है और उसे उजागर करने का सशक्त मंच भी है। कार्यशाला में सरोज गिरिया ने मेजबान की भूमिका निभाते हुए सभी का आथित्य सत्कार किया। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार कार्यशाला में महिला विंग द्वारा आने वाले समय में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण आयोजन ÷उड़ान÷ पर भी चर्चा हुई और मोना आँचलिया, तनुजा मेहता, जिंकु जैन, रिंकल जैन, जयंती जैन, संतोष सोलंकी, चंचल बैताल, सारिका मेहता, कला लुणावत, संगीता तिलावत, मधु राठौड़ इत्यादि ने विभिन जिम्मेदारी सम्भालने की सहमति जतायी। कार्यशाला के दौरान सुमन सिंघवी, रक्षा छाजेड व शिखा तातेड ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कोषाध्यक्ष मधु कटारिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन महामंत्री सुमन वेदमुथा ने किया।

# मांगें पूरी नहीं हुई तो 6 जनवरी से विद्युत विभाग के कर्मचारियों का जेल भरो आंदोलन होगा शुरू

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

म.प्र . विद्युत अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ , म.प्र.वि.मं. तकनीकी कर्मचारी संघ, म.प्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संघ , म.प्र. वाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन पिछले कई दिनों से अपनी मांगो हेतु संघर्षरत है। एवं म.प्र.वि.मं. तकनीकी कर्मचारी संघ के द्वारा दिए गए नोटिस अनुसार 6 जनवरी से जेल भरो आंदोलन के साथ साथ संपूर्ण कार्य वहिष्कार कर रहा है, जिसका यूनाइटेड फोरम पूर्ण समर्थन किया है।

**संगठनों की ये है प्रमुख मांगे**-विद्युत कंपनियों में सभी कार्यरत संविदा अधिकारी कर्मचारियों को भाजपा जन संकल्प 2013 के अनुरूप तत्काल नियमित किया जावे। विद्युत कंपनियों में कार्यरत सभी आउटसोर्स कर्मियों का संविलियन करते हुये कार्यावधि व वरिष्ठता के अनुसार वेतन वृद्धि प्रदान करते हुये उनके भविष्य को सुरक्षित करने हेतु नीति बनाई जाये एवं रूपये 20.00 लाख का दुर्घटना बीमा कराया जाए । मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के वेतन एवं पेंशन के भुगतान को प्रथम प्राथमिक्ता दी जाये एवं साथ ही भविष्य में समय से पेंशन के भुगतान की सुनिश्चित व्यवस्था करने हेतु उत्तर प्रदेश शासन के अनुसार विद्युत पेंशनर्स को भी पेंशन , ट्रेजरी से देना शुरू की जावें । फोरम मांग करता है कि विद्युत कर्मियों व पेंशनर्स को केन्द्र सरकार द्वारा दिये जा रहे महगाई भत्ता / राहत का 38 त्न की दर से तुरंत भुगतान किया जाये । वर्तमान में विद्युत पेशनर्स को म.प्र . शासन के पेंशनर्स से भी 11 त्न कम महगाई राहत दी जा रही है जो कि अत्यंत अन्यायपूर्ण है । वर्तमान में सेवानिवृत्त के उपरांत के पेंशन संबंधी सभी भुगतानों यथा ग्रेजुटी , लीव सरेंडर , पेंशन सांराशीकरण (



कम्यूटेशन ) आदि का भुगतान को समय से प्रदान नहीं किया जा रहा है , जिससे कि सभी पेशनर्स अत्यंत मानसिक दबाव में हैं , अत ~ माननीय से अनुरोध है कि इस संबंध में तुरंत आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संबंधितों को निर्देशित करने का कष्ट करें । विद्युत कंपनियों में कार्यरत सभी कर्मियों हेतु नई पेशन स्कीम की जगह पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जावें एवं टर्मिनल बेनिफिट ट्रस्ट में पेंशन की राशि जमा कराई जाये। कई वर्षों से सभी वर्गों मे कई वेतन विसंगतियां व्याप्त है , जिनको सुधारने हेतु फोरम लगातार मांग कर रहा है . लेकिन उसमें आज दिनांक तक कार्यवाही अपेक्षित ही है । वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु उच्च अधिकार प्राप्त समिति बनाई जाये जो समय सीमा में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं उसके अनुसार उसमें तुरंत कार्यवाही की जावें। कई वर्षों से लंबित फ्रिज बेनिफिटस का पुर्ननिरीक्षण करते हुये सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स हेतु केसलेस मेडिक्लेम पॉलिसी लागू की जायें । उपरोक्त मांगों का पूर्ण निराकरण यदि 6 जनवरी तक नहीं किया जाता है तो यूनाइटेड फोरम 9 जनवरी से अपने सभी घटक दलों के साथ आंदोलनरत संगठनों के साथ संपूर्ण कार्य वहिष्कार में शामिल होगा। उक्त कार्य वहिष्कार के दौरान सम्पूर्ण म.प्र में किसी भी प्रकार की विद्युत अव्यवस्था होती है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी शासन / प्रशासन की होगी । इन तमाम बातों और मांगों के विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर हैं।विद्युत अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने चर्चा में बताया कि आज हम लांजी विद्युत वितरण केन्द्र में आए हैं जहा पर जो हमारी मांगे हैं उन मांगों को लेकर हम यहां पर चर्चा करने आए हैं।हमारी 2 मुख्य मांगे हैं बिजली विभाग में जो संविदा कर्मचारी है उनका नियमितीकरण और जो हमारे आउटसोर्स कर्मचारी है उनकी वेतन की विसंगतियों को दूर करना है। इसके लिए हम चरणबद्ध तरीके से हमारा आंदोलन चलते आ रहा है लगभग 92 दिनों से हमारा आंदोलन चलता आ रहा है। बीच-बीच में हमने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया है और इस बीच जो हमारे विद्युत अधिकारी कर्मचारी शहीद हुए हैं उनको भी हमने श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उसके बाद हम 6 तारीख से जेल भरो आंदोलन और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे जिसमें पूरे मध्यप्रदेश के जितने भी संविदा कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी सभी हड़ताल पर रहेंगे और जब तक शासन प्रशासन हमारी बातों को नहीं मानता है हमारे नियमितीकरण को नहीं मानती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हमारी मुख्य मांगे संविदा कर्मचारियों को नियमित करना तथा आउटसोर्स कर्मचारीयों की वेतन विसंगति को दूर करना है।आई डी पटले सचिव यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज, एच सी यादव,

# जन अभियान के वालेंटियर्स सीख रहे सर्वागीण विकास के गुर

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**


मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बालाघाट के जिला समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिले की समस्त विकासखंड समन्वयक , नवांकुर संस्था, मेंटर्स 100 सदस्यीय अध्ययन भृमण दल हैदराबाद शांति वनम कान्हा स्थित हार्टफूलनेस सेंटर में पहुंचा। जिला समन्वयक श्री ठाकुर ने बताया कि यहां सदस्यों को योग व ध्यान के माध्यम से सिखाया जा रहा है कि कैसे समाज में काम करने हेतु सकारात्मक वातावरण



निर्मित किया जाए ताकि लोगों को समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध हो सके और समाज स्वयं के विकास के लिए प्रयत्नशील हो साथ ही केंद्र में सिखाया जा रहा है कि कैसे हम अपनी आंतरिक शक्ति एवं उर्जा को जागृत कर उस ऊर्जा का समाज विकास में उपयोग करें और कैसे समाज से ह्र्दयात्मक व आत्मीय जुड़ाव बन सके । यहां प्रतिभागी सीख रहे हैं कि कैसे हम तनाव से मुक्ति पाकर अपने मस्तिष्क एवं ह्रदय को नियंत्रित कर सकते हैं व समाज में इस विषय को कैसे पहुंचा सकते हैं । शांति वनम कान्हा जिस स्थान पर स्थित है कुछ वर्ष पूर्व यह स्थान क्षेत्र में सबसे अधिक सूखे स्थान के रूप में जाना जाता था लेकिन श्री रामचन्द्र मिशन के प्रयासों से इस क्षेत्र के लगभग 1300 एकड़ से अधिक क्षेत्र आज हरियाली से लहलहा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप आज क्षेत्र में ग्राउंड वाटर की स्थिति 25 से भी ऊपर आ गई है जो पहले सेकड़ो फिट नीचे थी । ऐसी विभिन्न प्रकार की तकनीकों को सीखने प्रतिभगी यहाँ आये है ताकि सीखकर इसका उपयोग जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा सके ।

# प्रदेश के अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों एवं समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाएं - तिलक चंद बनोठे

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



समुचे मध्य प्रदेश में शिक्षक अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यानाकर्षण करवा चुके हैं, लेकिन प्रदेश की शिवराज सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। पुर्व में अध्यापक संघ ने हड़ताल भी किया था लेकिन परिणाम शुन्य हासिल हुआ इसके विपरीत अध्यापकों के मानदेय में कटौती कर दी गई तथा कुछ अध्यापकों को अन्य स्थानों पर अटैच कर दिया गया था। इस पुरे घटनाक्रम के बाद पुनः अध्यापक संघ अपनी मांगों को लेकर मैदान में आ गया है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ लांजी केड़ ब्लॉक अध्यक्ष तिलकचंद बनोठे ने बताया कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग को वर्ष 2006, 2007, 2008 ,2009 2010 एवं 2011 में नियुक्त अध्यापक शिक्षक संवर्ग को प्रथम क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान का लाभ वर्ष 2018 ,2019 ,2020, 2021 एवं 2022 में 10 से 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर इन्हें लाभ मिलना चाहिए था। इसी प्रकार वर्ष 1998 ,1999, 2001, 2002 एवं 2003 में नियुक्त अध्यापक शिक्षक संवर्ग को नवीन शिक्षक संवर्ग में 20 से 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर लेने के बाद भी द्वितीय क्रमोन्नत/समय मान वेतनमान का लाभ मिलना था। किंतु शासन प्रशासन के द्वारा आज तक कोई इस संबंध में आदेश निर्देश नहीं दिया गया है। साथ ही पिछले कई वर्षों में अध्यापक शिक्षक संवर्ग के सैकड़ों अध्यापक साथी दिवंगत हो चुके हैं। उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का भी शासन प्रशासन के द्वारा कोई निराकरण नहीं किया गया है। उनका भी आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की है। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के हितार्थ को देखते हुए पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य लंबित मांगो और समस्याओं के निराकरण का भी अनुरोध किया गया है। ताकि धरना प्रदर्शन ,रैली, आंदोलन , अनिश्चितकालीन हड़ताल व भूख हड़ताल के लिए प्रदेश के अध्यापक शिक्षक संवर्ग को बाध्य नहीं होना पड़े। साथ ही निलंबन का मुंह नहीं देखना पड़े। प्रशासनिक अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण पिछले महीनों में जो मजबूरी वश हड़ताल की गई थी ,उस पर की गई वेतन कटौती आदि नियम विरुद्ध कार्यवाहियों को भी वापस लिया जाना चाहिए। ये तमाम सारी मांग आजाद अध्यापक शिक्षक संघ लांजी केड़ ब्लॉक अध्यक्ष तिलकचंद बनोठे ने की है।

# आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने छात्रों के बीच मनाईं सावित्रीबाई फुले

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



एक कदम इंसानियत की ओर की सोच के साथ जिले में कार्य कर रहा संगठन आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने देश की पहली महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर शत-शत नमन करते हुए विकासखंड किरनापुर अंतर्गत संचालित शासकीय माध्यमिक शाला नेवरगांव कला रजेगांव जन सहयोग से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा गत चार्ट (स्टेशनरी सामग्री) का वितरण किया गया, उनके अधिकारों , व्यक्तित्व विकास, खेलकूद, स्वस्थ जीवन शैली एवं विशेष तौर पर राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी के बारे में और जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बच्चों से चर्चा परिचर्चा की गई। चर्चा में बताया कि हमारा उद्देश्य इन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करना, साथ ही लगनशीलता व नैतिकता का भाव विकसित करना हैं । क्योंकि शिक्षा बिना सब कुछ अधूरा है। आदर्श दानपात्र सेवा समिति के सभी सदस्यों एवं अरुण वैद्य समिति के अध्यक्ष राहुल वैद्य, प्रधान अध्यापक गजानंद पटले, एच. एल उके, प्रकल्प भोरजार, श्रीमती रजनी शुक्ला, सरिता वाहने, वर्षा बागडे, निर्मला ठाकरे उपस्थित रहें।

# भाजपा ने मनाई हर बूथ पर माता साबित्रींबाई फुले जंयती

**डॉ.बेताल सिंह गौड़ पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ**

**मौं,** देश की प्रथम महिला शिक्षका का जन्मदिबस मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के निज निबास पर मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मैं जनपद अध्यक्ष कालीचरण तोमर जी गोहद बिशिष्ट अतिथि अनु मौर्चा के जिला अध्यक्ष पिकी सगर जी फरेन्द सिंह सिकरबार जिला मंत्री नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज जी कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की



मंच संचालन मण्डल महामंत्री सुल्तान मौर्य ने किया आभार प्रकट रामू कुशबाह ने किया सभी अतिथियों का स्वागत मंण्डल महामंत्री राजू मिश्रा ने किया इस अफसर पर मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने स्वागत भाषण में माता साबित्रींबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला इस अफसर पर उपस्थित किसान मौर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुबीर पवैया जिला मंत्री सेलेन्द सिंह गुर्जर सुरेश छारी मैहबूब खांन बीरेन्द यादव फोजी किसान मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष पर्वत सिंह जादोंन पिं बर्ग मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष रघुराज गुर्जर अनुं मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष महेंन्द परिहार युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर जनपद सदस्य बल सिंह परिहार हनुमंत जादौंन नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज कुशबाह मेहबूब खांन शतीष परिहार सोनू खांन पूरन गोयल बलबीर गोयल अरुण बाल्मीकि राजू खांन डां बेताल गोड़ अबदेश श्रीबास बिधि जैंन प्रेमचंन्द जेंन जनपद उपाध्यक्ष धर्मवीर गुर्जर जी जनपद सदस्य मोनू राणा विमल कुशबाह आसाराम भूरे कुशबाह कोक सिंह कुशबाह डां जय सिंह कुशबाह राम प्रसाद कुशवाह लाखन कुशवाह दिनेश परिहार अमित गुर्जर श्रीकृष्ण कुशबाह

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट में नवीन मीडिएशन कक्ष का हुआ शुभारंभ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 03 जनवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट में नवीन मीडिएशन कक्ष का उद्घाटन श्री दिनेश चंद्र थपलियाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालाघाट के करकमलों द्वारा किया गया । मीडिएशन का मुख्य उद्देश्य पक्षकारों के मध्य पारिवारिक एवं अन्य विवाद तथा न्यायालय के बाहर भी चल रहे इसी प्रकार के विवादों का प्रशिक्षित मीडिएटर के समक्ष उभयपक्ष के साथ बातचीत कर विवाद के वास्तविक कारण पर पक्षकारों के आपसी सहमति से निराकरण के बिंदु तक पहुंचना और इस आधार पर प्रकरण का निराकरण कराना है। ऐसे निराकरण में कोई पक्ष हारता नहीं है और दोनों पक्षों की विजय होती है तथा प्रकरण का निराकरण हो जाता है जिसकी कोई अपील नहीं होती है और पक्षकारों




द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस उन्हें वापस हो जाती है तथा पक्षकारों के मध्य आपसी भाईचारा निर्मित होता है। मीडिएशन के उपरोक्त लाभ के अतिरिक्त भी अनेकानेक लाभ है। मीडिएशन कक्ष में पक्षकारों का आपसी विवाद निपटारे हेतु मीडिएशन ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके अधिवक्ताओं के माध्यम से की जावेगी। मीडिएशन ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके अधिवक्ता पक्षकारों को समझाकर उनके बीच समन्वय स्थापित कर उनके विवादों का निपटारा करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट में स्थापित मीडिएशन कक्ष के उद्घाटन पर श्री प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालाघाट सहित समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के सचिव श्री आसिफ अब्दुल्लाह द्वारा बताया गया कि मीडिएशन कक्ष में मीडिएशन ट्रेनर अधिवक्ता द्वारा पक्षकारों के मध्य आपसी विवादों के निपटारे हेतु प्रयास किया जावेगा तथा उन्हें किसी प्रकार के दबाव या विरोध रहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए मीडिशन कक्ष को तैयार किया गया है, जिससे पक्षकार अपने विवाद का निराकरण बिना किसी भय के कर सके। मीडिएशन ट्रेनर अधिवक्ताआ मनीराम भोंडेकर, प्रदीप सोनी, उबेद खान, श्रीमती दिनेश्वरी राणा इस अवसर पर उपस्थित थी।

# मौं मंण्डल में हुआ अनुं मौर्चा कार्यक्रम प्रभारी का भव्य स्वागत

**डॉ.बेताल सिंह गौड़ पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ**

**मौं** ,अनुं मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष महेंन्द परिहार के नेतुत्य मैं सुरेश कुमार छारी का प्रथम आगमन् फर मौं मंडल ने स्वागत सम्मान किया इस अबसर पर अनुं मौर्चा जिला अध्यक्ष पिंकी सगर मौ मंण्डल



अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह फरेन्द सिंह सिकरवार सेलेन्द सिंह गुर्जर रघुबीर पवैया पंकज कुशबाह बीरेंन्द यादव मेहबूब खांन रामू कुशबाह शतीष परिहार सोनू खांन पूरन गोयल बलबीर गोयल सत्तार खांन राजू खांन जाकिर खांन अरुण बाल्मीकि अतुल राजपूत बोबी बिनोरिया देविन्द गोयल नरेन्द्र कुशबाह पहलाद माहोंर नीलेश जाटव अबदेश श्रीबास मर्जाद सिंह यादव किसान मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष पर्वत सिह जादोंन कोमल यादव आगम जैंन नरेन्द कुशबाह राजीब जैन सहाब सिंह कुशबाह चतुर सिंह कुशबाह पूरन गोयल बलबीर गोयल मैहबूब खांन अबदेश श्रीवास अजय झां सुल्तान मोर्य राजू मिश्रा सूरज खटीक अमित गुर्जर रामकेश गुर्जर बबली यादव धर्मेन्द राणा डां बेताल गोड अनिल शाक्य, दिनेश परिहार आदि

# 05 जनवरी को 30 मतदान केन्द्रों पर होगा मतदान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**निर्वाचन वाली पंचायत में आने वाली मदिरा दुकानों को बंद रखने का आदेश**


जिले की 04 ग्राम पंचायत लांजी विकासखंड की बोलेगांव, सिरेगांव व बेनेगांव एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा के सरपंच एवं 29 पंचों के निर्वाचन के लिए 05 जनवरी 2023 को मतदान कराया जायेगा। मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत ग्राम पंचायत की परिधि में आने वाली मदिरा दुकानों को 03 जनवरी को दोपहर 03 बजे से 05 जनवरी 2023 को मतदान समाप्त होने तक बंद रखने का आदेश दिया है। जिसमें विदेशी मदिरा दुकान उकवा-गुदमा एवं देशी मदिरा दुकान सालेटेकरी शामिल हैं। कलेक्टर ने आदेशित किया है कि उक्त समयावधि में संबंधित क्षेत्र में मदिरा का क्रय-विक्रय, संग्रहण व परिवहन पूर्णत~ प्रतिबंधित रहेगा।

# पूर्वाटोला- सलंगटोला- खांडाफरी मार्ग को मिली प्रशासकीय स्वीकृति,5 जनवरी को भूमी पूजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**




क्षेत्र में लगातार सड़कों का जाल बिछाने के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पूर्वाटोला सलंगटोला खाण्डाफरी मार्ग जो कि अत्यंत जर्जर हो चुका था, जिससे कि राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। और इसी को द्रष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग जिसकी दूरी 3.32 कि.मी. है को योजना मद से प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृत मार्ग के लिए 285. 88 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है ? जिसका भूमिपूजन दिनांक 5 जनवरी को किया जा रहा है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री हिना लिखीराम कावर विधायक लांजी पूर्व उपाध्यक्ष म.प्र. विधानसभा, श्रीमति अर्चना रेवेन्द्र खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी, अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी, देवेंद्र खोंगल पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी, ऋषि दशरिया अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बहेला, प्रमोद अग्रवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी लांजी, श्रीमती ममता दुबे अध्यक्ष महिला शहर कांग्रेस कमेटी लांजी, दुलीचंद राजनीरे सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती मीना दशरिया सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती मनीषा धारणे पूर्व सदस्य जिला पंचायत, दिनेश लाडे सभापति निर्माण समिति ज.पं. लांजी के करकमलों से इन सभी की उपस्थिति में सम्पन्न होगा । भूमि पूजन कार्यक्रम 5 जनवरी को समय दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत पूर्वाटोला में संपन्न होगा। उक्त कार्यक्रम गणेश बागड़े सरपंच पूर्वाटोला, राजू सैयाम सरपंच खांडाफरी, प्रभुदयाल किरमे सरपंच टेकरी, सरिता घोंघड़े सरपंच थानेगाँव ने भुमीपूजन कार्यक्रम में सभी से उपस्थित होने की अपिल की है।



# एविक्ट हुए इस कंटेस्टेंट की जल्द होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री



**मुंबई।**खतरों के खिलाड़ी 12 दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। यही वजह है कि शो टीआरपी की टॉप लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब रहा है। रोहित शेट्टी की होस्टिंग से लेकर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस तक ने शो को रोचक बना दिया है। बीते रविवार को एलिमिनेशन स्टंट में तीन कंटेस्टेंट जन्नत जुबैर, कनिका मान और प्रतीक सहजपाल के बीच मुकाबला हुआ। स्टंट शुरू होते ही प्रतीक ने अबॉर्ट कर दिया और इस तरह उन्हें शो को अलविदा कहना पड़ा। इतनी जल्दी प्रतीक के एविक्ट होने से उनके फैन्स को झटका लगा है लेकिन अब एक बड़ी खुशखबरी है।

**वाइल्ड कार्ड की एंट्री**-खतरों के खिलाड़ी 12 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की काफी समय से चर्चा थी। अब बताया जा रहा है कि प्रतीक सहजपाल को मेकर्स वाइल्ड कार्ड के जरिए दोबारा लाएंगे। सोशल मीडिया पर खतरों के खिलाड़ी के फैन पेज अकाउंट से शेयर किया गया है कि प्रतीक की एंट्री एक या दो हफ्ते में हो सकती है। हालांकि इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं है।

**फैन्स होंगे खुश**-प्रतीक की वापसी से निश्चित रूप से उनके फैन्स बेहद खुश होंगे। शो से वह जल्दी ही बाहर हो गए हैं। मेकर्स उन्हें एक और मौका देना चाहते हैं।

**किन शोज में किया काम**-बता दें कि प्रतीक सहजपाल ने बिग बॉस 15 में हिस्सा लिया था। वह रनर अप रहे थे। सीजन को तेजस्वी प्रकाश ने जीता था। इसके अलावा वह बिग बॉस ओटीटीऐस ऑफ स्पेस और लव स्कूल में नजर आ चुके हैं। इसके अलावा नच बलिए 10 के लिए प्रतीक सहजपाल के नाम की चर्चा है। वह डांस रियिलटी शो में हिस्सा ले सकते हैं।

# कॉफी विद करण 7 में हिस्सा लेंगी कटरीना कैफ, साथ में विकी कौशल नहीं होंगे ये एक्टर्स



**मुंबई।** 'कॉफी विद करण 7' के शुरू होने से पहले ये कयास लगाए जा रहे थे कि क्या कटरीना कैफ और विकी कौशल शो में हिस्सा लेंगे। शादी के बाद एक कपल के रूप में फैन्स उन्हें लेकर काफी एक्साइटेड दिखे। अब खबर है कि करण जौहर के शो में कटरीना कैफ हिस्सा लेंगी लेकिन उनके साथ विकी कौशल नहीं होंगे। कटरीना शो के पहले के सीजन में हिस्सा ले चुकी हैं। करण जौहर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। ऐसे में वह 'कॉफी विद करण 7' में गपशप करती दिखेंगी।

**करेंगी फिल्म का प्रमोशन**-कटरीना कैफ अपनी आने वाली फिल्म 'फोन भूत' का प्रमोशन करेंगी। वेबसाइट पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर के शो के लिए कटरीना कैफ ने शूटिंग पूरी कर ली है। उनके साथ 'फोन भूत' के एक्टर्स सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर भी होंगे।

**ऐसे शुरू हुई थी लव स्टोरी**-गौरतलब है कि 'कॉफी विद करण' से ही कटरीना और विकी की लव स्टोरी की शुरुआत हुई थी। दोनों अलग-अलग एपिसोड में पहुंचे थे। कटरीना से जब करण ने पूछा था कि वह किसके साथ काम करना चाहती हैं और पर्दे पर किसके साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगेगी तो कटरीना ने जवाब में विकी कौशल का नाम लिया था। बाद में जब शो में विकी कौशल आए तो करण जौहर ने उन्हें बताया कि कटरीना ने उनका नाम लिया है। यह सुनकर उन्हें यकीन नहीं आता और बेहोश होने का नाटक करते हैं।

**इन फिल्मों में आएंगी नजर**-कटरीना कैफ की आने वाली फिल्मों में 'फोन भूत' के अलावा 'टाइगर 3' है। फिल्म में वह सलमान खान के अपोजिट नजर आएंगी। इसके अलावा वह निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'मैरी क्रिसमस' कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ स्टार विजय सेतुपति होंगे।

# दीया मिर्जा की भतीजी का निधन, भावुक एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी श्रद्धांजलि, लिखा- मेरी भतीजी, मेरी बच्ची, मेरी जान



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर दी है। दीया मिर्जा की भतीजी का निधन हो गया है, जिसको लेकर एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। दीया मिर्जा ने अपने पोस्ट में निधन की वजह का जिक्र तो नहीं किया है, लेकिन उनके इंस्टाग्राम पोस्ट से समझ आ रहा है कि वो अपनी भतीजी के काफी करीब थीं और उसके दुनिया को अलविदा कहने से एक्ट्रेस को झटका लगा है।

**दीया मिर्जा की भतीजी का निधन**-दीया मिर्जा ने सोशल मीडिया पर अपनी भतीजी की तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में दीया की भतीजी मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं, वहीं एक्ट्रेस ने दिल को छू जाने वाली बात कैप्शन में लिखी है। दीया ने अपने कैप्शन में लिखा, मेरी भतीजी.. मेरी बच्ची.. मेरी जान...अब इस दुनिया में नहीं रही। तुम जहां भी रहो, तुम्हें शांति और प्यार मिले। आप हमेशा हमारे दिलों में रहोगी। ओम शांति।

**फैन्स और सितारे दे रहे श्रद्धांजलि**-दीया मिर्जा के पोस्ट पर उनके फैन्स और सेलेब्स रिएक्ट करते हुए श्रद्धांजलि दे रहे हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और सुनील शेट्टी ने हाथ जोड़ने वाला ईमोजी कमेंट किया, तो गौहर खान ने दिल टूटने वाले ईमोजी के साथ कमेंट किया। वहीं ईशा गुप्ता, भावना पांडे, श्रेया धनवंतरी ने दिल का ईमोजी शेयर किया। इसके अलावा गुल पनाग ने कमेंट में श्रद्धांजलि दी तो सुजैन खान की बहन फराह ने लिखा, ये बहुत दुखद खबर है, वो जहां रहे चमकती रहे।

**दीया मिर्जा का करियर**-गौरतलब है कि दीया मिर्जा का नाम उन एक्ट्रेसेस में शुमार है, जिनके खाते में भले ही कम फिल्में शुमार रही हैं, लेकिन उन्होंने अपनी अदाकारी से एक अलग मुकाम बना लिया है। दीया मिर्जा की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म रहना है तेरे दिल में के आज भी चर्चे होते हैं। दीया मिर्जा फिल्मों के साथ ही वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं और जल्दी ही रत्ना पाठक, संजना सांघी, फातिमा सना शेख के साथ धक धक में नजर आएंगी।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी हुए कैमरे में कैद



**मुंबई।**बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। सिद्धार्थ और कियारा बीती रात एयरपोर्ट पर स्पॉटिड हुए और दोनों करीब करीब एक जैसे लुक में नजर आ रहे थे। सोशल मीडिया पर कियारा- सिद्धार्थ के फोटोज तेजी से वायरल हो रहे हैं और फैन्स इन्हें काफी पसंद कर रहे हैं। हालांकि सिद्धार्थ इस दौरान थोड़ा गुस्से में नजर आए।

**ट्विन करते दिखे सिद्धार्थ- कियारा**-बात सिद्धार्थ और कियारा के एयरपोर्ट लुक की करें तो दोनों ट्विन करते नजर आ रहे हैं। फोटोज में सिद्धार्थ ने सफेद टी शर्ट के साथ ब्लैक जैकेट, ब्लैक पैंट और व्हाइट शूज कैरी किए हैं। वहीं एक्ट्रेस ने लॉन्ग ब्लैक टीशर्ट के साथ बैल्क लोअर और शूज पहने हैं। विरल भियानी ने जो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, उसे देखकर लग रहा है कि सिद्धार्थ पैपराजी को देख भड़क गए हैं और उन्हें बार बार फोटोज क्लिक करने के लिए मना कर रहे हैं। वहीं वीडियो देखकर ऐसा भी लग रहा है कि कियारा, सिद्धार्थ के गुस्से को शांत करती दिख रही हैं।सोशल मीडिया यूजर्स सिद्धार्थ- कियारा के फोटोज को खूब पसंद कर रहे हैं।

**कियारा का बर्थडे सेलिब्रेशन**-31 जुलाई को कियारा आडवाणी का जन्मदिन था और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। कहा जा रहा है कि कपल इस खास मौके पर दुबई पर था। एक फैन के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद इस खबर को और भी हवा मिली थी, हालांकि उस पोस्ट में सिद्धार्थ कियारा एक साथ नजर नहीं आ रहे थे लेकिन फैन के कपड़े और फोटो के बैकग्राउंड से लग रहा था कि दोनों साथ ही हैं।

**ब्रेकअप की उड़ी थी अफवाह**-याद दिला दें कि कुछ समय पहले ऐसी खबरें थीं कि सिद्धार्थ और कियारा ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं लेकिन जल्द ही वो साथ में सार्वजनिक रूप से दिखे। पार्टीज से लेकर फिल्म स्क्रीनिंग तक से सिद्धार्थ और कियारा के वीडियोज वायरल हुए।

# आमिर खान के बाद करीना कपूर ने लाल सिंह चडडा के बायकॉट ट्रेंड पर किया रिएक्ट



**मुंबई।**बॉलीवुड अभिनेता आमिर खानकी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा की रिलीज में कुछ ही दिन रह गए हैं। फिल्म में आमिर खान के साथ ही करीना कपूर खान चैतन्य अक्किनेनी और मोना सिंह भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज से पहले सितारे प्रमोशन के लिए मैदान में उतर गए हैं और हर मुद्दे पर बात कर रहे हैं। हाल ही में आमिर खान ने लाल सिंह चड्ढा के बायकॉट पर रिएक्ट किया था, इसके बाद अब करीना ने भी इस पर अपनी राय रखी है।

**लाल सिंह चड्ढा के बायकॉट पर क्या बोलीं करीना**-आमिर खान के बाद फिल्म लाल सिंह चड्ढा के बायकॉट पर करीना कपूर खान ने भी रिएक्ट किया है। करीना ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, आज हर कोई बोलने का हक रखता है, आज ढेर सारे प्लेटफॉर्म्स मौजूद हैं, हर किसी के अपने विचार हैं। तो अगर ऐसा होगा तो आपको कुछ चीजें इग्नोर करना सीखना होगा। वरना आपको अपनी जिंदगी जीना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए मैं ऐसी चीजों को सीरियसली नहीं लेती हूं। मैं वो पोस्ट करती हूं, जो मैं करना चाहती हूं।

**ये एक फिल्म है, जो रिलीज होने वाली है.**-करीना कपूर खान ने आगे कहा, %ये एक फिल्म है, जो रिलीज होने वाली है और इस पर सभी की अपनी अलग राय होगी। तो अगर ये फिल्म अच्छी होगी तो ये हर चीज से आगे निकल जाएगी, और रिस्पॉन्स अच्छा होगा। मुझे लगता है कि अच्छी फिल्में हर चीज से पार पा लेती हैं। याद दिला दें कि सिर्फ लाल सिंह चड्ढा ही नहीं करीना के कुछ पुराने बयानों के चलते उनको बायकॉट करने के हैशटैग भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं।

**क्या बोले थे आमिर खान**-करीना कपूर खान से पहले आमिर खान ने भी इस बायकॉट पर रिएक्ट किया था। आमिर खान ने कहा, बायकॉट बालीवुड, बायकॉट आमिर खान, बायकॉट लाल सिंह चड्ढा हैशटैग चलाये जाने से मैं दुखी महसूस कर रहा हूं। बहुत से लोग जो अपने दिल से ऐसा कह रहे हैं, उनका मानना है कि मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो भारत को पसंद नहीं करता। कुछ लोग ऐसा मानते हैं, लेकिन यह बिल्कुल भी सच नहीं है।

**मैं वास्तव में देश से प्यार करता ह**-आमिर खान ने आगे कहा, %मैं वास्तव में देश से प्यार करता हूं। यदि कोई व्यक्ति कुछ और सोचता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए कृपया मेरी फिल्म देखिए।% बता दें कि आमिर खान के इस स्टेंटमेंट की काफी चर्चा हुई। सोशल मीडिया पर इसको लेकर मिक्स रिएक्शन देखने को मिले, किसी ने कहा कि उन्हें टारगेट किया जा रहा है तो किसी ने लिखा कि सिर्फ फिल्म की सक्सेस के लिए ऐसी बातें की जा रही हैं।

**फॉरेस्ट गंप की ऑफिशियल रीमेक**

गौरतलब है कि लाल सिंह चड्ढा, हॉलीवुड अभिनेता टॉम हैंक्स ी फिल्म फॉरेस्ट गंप का इंडियन अडैप्शन है।%लाल सिंह चड्ढा% में करीना कपूर खान, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी हैं। लाल सिंह चड्ढा को देश में 100 स्थानों पर शूट किया गया है। वहीं आमिर खान ने फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान बताया था कि उन्होंने इस फिल्म को अपने 12 साल दिए हैं।

# करुणा बुद्ध विहार में मनाई गई माता सावित्रीबाई फुले की जयंती

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**


करुणागिरी समिति कलपाथरी के द्वारा करुणा बुद्ध विहार कलपाथरी में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 192 वी जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। समिति के अध्यक्ष पीडी भालाधरे की अध्यक्षता एवं लीकेश येड़े सरपंच ग्राम पंचायत कलपाथरी के मुख्य आतिथ्य, युवराज पटले जनपद सदस्य लांजी, अरुण कबीरे सरपंच ग्राम पंचायत पाथरगांव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि लिकेश एड़े ने अपने उद्बोधन के माध्यम से शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यदि माता सावित्री फुले नहीं होती तो महिलाओं को शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार नहीं मिलता। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य एवं अरुण कबीरे सरपंच ग्राम पंचायत पाथरगांव ने भी सावित्री फुले को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें माता सावित्री फुले के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना होगा तब ही हम एक अच्छे समाज की परिकल्पना कर सकते हैं।



**करुणागिरी समिति के महासचिव ईश्वर बंसोड़ डाला जीवन पर प्रकाश**-सभा को संबोधित करते हुए करुणागिरी समिति के महासचिव ईश्वर बंसोड़ ने बताया कि माता सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को सतारा जिले के नयागांव में एक दलित परिवार में हुआ था उनके पिता का नाम खंडूजी निवासे पाटिल एवं माता का नाम लक्ष्मी निवासे पाटील था। जब सावित्रीबाई 9 की थी तब ही उनका विवाह 13 साल के ज्योतिबा राव के साथ हो गया था। सावित्री फुले अपने पति से शिक्षित हुई और उन्होंने महिलाओं के लिए प्रथम पाठशाला 1848 में प्रारंभ की किंतु उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा फिर भी वे अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटी।

अध्यक्षीय उद्बोधन में पी डी भालाधरे ने माता सावित्री फुले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और भारतीय समाज में महिलाओं के प्रति सावित्री फुले के योगदान का बखान किया। उन्होंने आगे बताया कि हमारा भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता, धर्मनिरपेक्षता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है। उन्होंने संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार तथा कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। सभा को मनोज बारमाटे, निरंजना बंसोड़, स्वप्निल बंसोड़, रीना बारमाटे आदि ने भी संबोधित किया। जयंती समारोह के दौरान रितेश बंसोड़, हरिश शेंडे, पद्माकर बंसोड, सागर बारमाटे, महेंद्र बंसोड़, समता सैनिक दल कमांडर, सुरेंद्र बारमाटे, संतोष बारमाटे, युवराज बारमाटे, राजेश चौरे, छोटेलाल बंसोड़, भीमदास बारमाटे, पन्नालाल रामटेके, केशोराव बारमाटे उपस्थित रहे।

# महादेव एप के नाम से करोड़ो रुपए का लेन-देन किसके संरक्षण में हो रहा है सबको पता है राजेश मूणत






## जो व्यक्ति कभी बैंक नहीं गया उसके नाम पर खाता खोलकर, किया गया करोड़ों रुपए का लेन-देन - भाजपा

## महादेव एप के संचालन करने वालों और उनके सहयोगियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो - नरेशचंद्र गुप्ता

**रायपुर।** पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा कि प्रदेश में महादेव एप के नाम पर अरबों रुपए लेन-देन किसके संरक्षण में हो रहा है यह सबको पता है। अरबों रुपए का लेने देन, गरीबों परिवार के लोगों के खातों में ट्रांफसर करके किया जा रहा है। ये ऐसे व्यक्ति है तो कभी बैंक नहीं गए उनके खातों में अरबों रूपए का लेन-देन किया गया। उन्होंने कहा कि अरबों रुपए के लेन-देन के पीछे कौन है यह समाचार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से कई बार उजागर भी किया गया।उन्होंने कहा कि दुर्ग-भिलाई में कई बार उन लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई है। टीम ने जब छापा मारा तो लोग कहते है कि महादेव एप चलाने वाले विदेश चले गये है, व वह अन्ना एप में परिवर्तित हो गया है। उन्होंने कहा कि महादेव एप का संचालन करने वालों का नाम समाचार पत्रों एवं भाजपा के द्वारा अनेकों बार उजागर,किया गया। अरबों रुपए के लेन-देन एवं इसके दुरुपयोग में छत्तीसगढ़ के प्रभावशाली लोगों सहित कई लोगों की संलिप्तता है। उन्होंने कहा कि अरबों-खरबों रुपए के लेन-देन के संबंध में इस मामले पर भाजपा ने ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज सौंप कर जांच की मांग की है।भाजपा वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेशचंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएमएलए एक्ट के विरुद्ध शासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों द्वारा इस घिनौने कार्य में सहयोग किया जा रहा है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने शिकायत की है एवं महादेव एप से संबंधित प्राप्त सभी जानकारी ईडी को सौंपते हुए महादेव एप के अरबों-खरबों रुपए के लेन-देन में संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान रायपुर शहर जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, ओंकार बैंक, रमेश ठाकुर, योगी अग्रवाल, अकबर अली, अमित मैशरी, गोविंदा गुप्ता, दीपक जायसवाल, तोषण साहू मौजूद रहें।

# तहसील साहू संघ के नए अध्यक्ष होंगे अनिल कुमार साहू ,देवभोग की बैठक में घोषित हुई



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग।** तहसील साहू संघ देवभोग के तत्वाधान में सोमवार को विशेष बैठक आहूत की गई जिसमें जिला साहू संघ गरियाबंद के उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू के द्वारा समस्त स्वजाति बंधुओं के समक्ष तहसील साहू संघ के समिति को शून्य घोषित करते हुए नए गठन करने की घोषणा की गई तदनुसार सर्वसम्मति से सभा में नाम प्रस्तावित करते हुए अनिल कुमार साहू (शिक्षक) को तहसील अध्यक्ष एवं रतन लाल साहू को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया,सभा को संबोधित करते हुए संरक्षक प्यारेलाल साहू ने कहा कि एकता में शक्ति पर जोर देते हुए अपनी बात रखी,चुनाव के दरम्यान प्रमुख रूप से दया राम साहू,अशोक बजरंग साहू,तुलसी साहू,संजय साहू,किशोर साहू,अमृत साहू,बिहारी साहू ,राम कुमार साहू ,रमेश कुमार साहू,जोहर साहू,धर्मेंद्र साहू,श्रवण साहू,पवन साहू ,दिलीप साहू, निखिल,विशेष,अभिषेक,सर्चन सहित विभिन्न ग्रामों के स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

# भाजयुमो ने सरकंडा में चल रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन,कड़ी कार्यवाही की माँग की






**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** गरियाबंद ज़िले के छुरा विकासखंड के ग्राम सरकंडा में पैरी नदी पर रेत का अवैध उत्खनन बीते दो महीनो से बड़ी मात्रा में किया जा रहा है.ज्ञात हो कि ग्राम सरकड़ा में पैरी नदी पर दो खदान स्वीकृत है पर माफियाओं द्वारा स्वीकृत एरिया से बाहर की खुदाई की जा रही है। तथा बिना पिटपास,बिना रॉयल्टी के अवैध रूप से गाड़ियों को ओवरलोड करके भेजा जा रहा है जिससे शासन को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है और ओवरलोड लोडिंग से दुर्घटना होने की आशंका है, पैरी नदी हमारे जिले की जीवन दायनी नदी है जिसका अस्तित्व खतरे में है नदी तट पर ही एक वृहद् रूप में फैली नर्सरी भी जहाँ पर अवैध उत्खनन जोरो से जारी है बरसात के मौसम जड़ का कटाव होने से नर्सरी का स्वरूप भी नष्ट होने के कगार पर है जिससे आने वाले समय में पर्यावरण को बहुत नुकसान होने की संभावना है।भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ठ्ठ्र बताया की माननीय सर्वोच्च न्यायालय, एन.जी.टी. छत्तीसगड़ गौण- खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) अधिनियम, 2019 और राज्यशासन के नियमानुसार रेत का उत्खनन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही करना है, बिना रॉयल्टी किसी भी गाड़ी को लोड नहीं करना है परंतु ग्राम सरकड़ा में रातों-रात बिना रॉयल्टी के 3 चैन माउंटेन मशीन से चिन्हांकित एरिया से बाहर अवैध रूप से उत्खनन कर बिना रॉयल्टी पर्ची के गाड़ियों को लोड करके भेजा जा रहा है। रेत माफियाओं द्वारा चिन्हांकित एरिया में लगे खंभे को निकाल दिया गया है ताकि अवैध जगह उत्खनन किया जा सके। बीते कुछ महीनों से सरकड़ा रेत खदान में रात के अंधेरे में पूरी रात पैरी नदी का सीना छलनी कर रातों रात रेत निकाल रहे है जो दिन में तो मजदूरों से दिखावे के लिए हाइवा गाड़ी में रेत लोड करवाते है फिर रात होते ही सैकड़ो ट्रीप रेत राजधानी तक पहुँचा देते है। इस विषय को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं ग्रामवासियों में कलेक्टर महोदय जी से जन चौपाल में ज्ञापन सौंप कर निष्पक्ष कार्यवाही करने की मांग की एवं अवैध उत्खनन बंद करने की मांग की है साथ ही छत्तीसगड़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) अधिनियम, 2019 के तहत तीनो चैन माउंटेन मशीन शील कर अवैध रूप से चिन्हांकित एरिया से बाहर किये गए उत्खनन का राजस्व विभाग के पटवारी से नाप करा करके प्रति घनमीटर के दर से जुर्माना लगाते हुए कड़ी से कड़ी उचित कार्यवाही कर दोनों खदानों के एरिया को चिन्हांकित कराकर खंभा लगाए ताकि आने वाले समय मे स्वीकृत एरिया में ही उत्खनन हो और खदान का संचालन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सुबह 6 से शाम 6 बजे तक स्थानीय मजदूरों द्वारा कराया जाना चाहिए और प्रत्येक गाड़ियों का रॉयल्टी पर्ची काटा जाना चाहिए। ये सभी मांग की है और साथ ही साथ ग्राम सरकड़ा में अवैध उत्खनन बंद नहीं कि गयी और उचित कार्यवाही नहीं किया गया तो आने वाले समय मे उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गयी है। ज्ञापन देने वाले में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप, भाजयुमो जिला स्थायी आमंत्रित सदस्य वीरेन्द्र कुमार साहू,भाजयुमो ज़िला उपाध्यक्ष तोरण सागर,ज़िला मंत्री प्रतीक तिवारी,मंडल अध्यक्ष आनंद ठाकुर,महामंत्री राज डे,संजू साहू सहित अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहें।

# पंडित श्याम शंकर मिश्र महाविद्यालय में एनएस के छात्रों को किया गया सम्मानित




**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग कॉलेज पंडित श्याम शंकर मिश्र महाविद्यालय देवभोग कि और से ग्राम लाटापारा में 17/12/2022से 23/12/22 तक ह्रस्स् शिविर लगाया गया जिसमें छात्रों ने गाँव के लोगों को नुक्कड नाटक, प्रभात फेरी, जनसम्पर्क, कार्य परियोजना ,सांकृतिक कार्य क्रम द्वारा शवच्छ जीवन के लिए शवचछता की और बढने तथा नशा मुक्त बनने के लिए प्रेरित किये इन्ही ठ्ठ्ह्य छात्रों को आज महाविद्यालय परिवार (देवभोग )की और से महाविद्यालय में सम्मानित किया गया। जिसमें कार्य क्रम अधिकारी --हितेश वारते , शिविर नायक --नोहर यादव, उप शिविर नायक --दुरबल नागेश, ह्रस्स् द्यद्गड्डस्रद्गह्म् --कमलेश मांझी, और महेश नेताम प्रमुख छात्र थे। दुरबल नागेश, कमलेश मांझी ,नोहर यादव, महेश नेताम विगत चार वर्षो से ह्रस्स् से जुड़ के कार्यरत हैं।

# शिल्प बाजार में स्टेट हैण्डलूम एक्सपो शुरू



**ग्वालियर** । मेला स्थित दस्तकारी हाट बाजार शिल्प बाजार में ÷स्टेट हैण्डलूम एक्सपो÷ शुरू हो गया है। संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के अध्यक्ष रणवीर माखनलाल जाटव ने मंगलवार की शाम हैण्डलूम एक्सपो का शुभारंभ किया। शिल्प बाजार परिसर में 15 जनवरी तक यह हैण्डलूम एक्सपो लगा रहेगा। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार (हथकरघा) के सहयोग से लगाए गए इस हैण्डलूम एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पी अपने हुनर लेकर आए हैं। हैण्डलूम एक्सपो में उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख एवं मध्यप्रदेश के बुनकरों द्वारा तैयार आकर्षक वस्तुओं एवं अन्य कलाकृतियों की बिक्री की जा रही है। इस शिल्प मेले में पश्मीना शॉल, महिलाओं व पुरूषों के आकर्षक गर्म परिधान, लखनवी चिकन सहित एक से ब?कर एक वस्त्र व कलाकृतियाँ उपलब्ध हैं। एक्सपो के शुभारंभ अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ भी हुईं। प्रस्तुतियाँ देने वाले कलाकारों को मुख्य अतिथि रणवीर जाटव ने पुरस्कृत

# बिजली क्षेत्र में संकल्पित प्रयासों से प्रदेश बना सरप्लस स्टेट प्रद्युम्न सिंह तोमर

प्रदेश में सुचारू बिजली प्रदाय सुनिश्चित करने सरकार कृत संकल्पित है। पिछले वर्षों में बिजली उपलब्धता में वृद्धि के लिये किये गये प्रयासों से प्रदेश बिजली के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बन गया है। वर्तमान में प्रदेश की बिजली उपलब्ध क्षमता 22 हजार 730 मेगावाट है। प्रदेश में औद्योगिक, वाणिज्यिक सहित सभी गैर कृषि उपभोक्ताओं को 24 घंटे तथा कृषि उपभोक्ताओं को लगभग 10 घंटे बिजली प्रदाय की जा रही है। वर्तमान रबी मौसम में 30 दिसम्बर 2022 को 17 हजार 65 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग की सफलता पूर्ति की गई, जो प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक है।वर्ष 2022-23 के दौरान पारेषण कंपनी द्वारा 239 सर्किट कि.मी. पारेषण लाइनों एवं 3091 एमव्हीए क्षमता के अति उच्च दाब उप केन्द्र के कार्य पूर्ण किए जाना प्रस्तावित है, जिसमें 6 नये अति उच्च दाब उप केन्द्र शामिल हैं। साथ ही वितरण कंपनियों द्वारा प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं में 371 किमी 33 केव्ही लाईन, 834 किमी 11 केव्ही लाईन, 31 नये 33 केव्ही उपकेन्द्र, 85 पावर ट्रांसफार्मर तथा 2405 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किये जायेंगे। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रोडमेप-2023 में ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर में 12 अति उच्च दाब उप केन्द्रों एवं 46 नग अति उच्च दाब लाइनों के निर्माण कार्य पूर्ण कर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की सुचारू निकासी सुनिश्चित की गई है।वितरण अधो-सरंचना में उपयोग होने वाले ट्रांसफार्मर, मीटर, केबल आदि की गुणवत्ता सुधार के लिये प्रथम चरण में जबलपुर, भोपाल, इन्दौर, उज्जैन एवं ग्वालियर में इन हाउस परीक्षण प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं। दूसरे चरण में सतना, छिंदवाड़ा, सागर गुना एवं बड़वाह में प्रयोगशालाओं की स्थापना की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। पारेषण लाइनों की टॉप पेट्रोलिंग के कार्य में इस वर्ष नवीनतम ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग शुरू किया गया, जिससे



मानवीय संसाधनों की बचत होगी एवं लाईनों के संधारण का कार्य तेजी से एवं सटीक हो सकेगा। श्री सिंगाजी ताप बिजली परियोजना, खंडवा में 600 मेगावॉट की इकाई क्रमांक 1 द्वारा 19 नवम्बर 2021 से 10 जुलाई 2022 तक अर्थात् 233 दिन तक लगातार बिजली उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया गया। प्रथम प्राप्त सामगी का प्रथम उपयोग का नियम लागू करवाया, जिससे गारंटी अवधि में समाप्त हो रही सामग्री का उपयोग किया जा सका एवं उनमें आयी खराबी को बिना किसी व्यय के सुधारा जा सका। इससे 2 वर्षों में 58 करोड़ रूपये की बचत संभव हुई है।

**बिजली उत्पादन में विशिष्ट तेल खपत एवं हीट रेट में कमी**-उपभोक्ता बिजली दरों पर सर्वाधिक प्रभाव बिजली उत्पादन लागत का रहता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में जनरेटिंग कंपनी के ताप बिजली गृहों की इकाइयों में ट्रिपिंग अत्यधिक थी, जिससे तेल खपत में वृद्धि होने के कारण उत्पादन दर अधिक थी। मासिक समीक्षा कर विगत 2 वर्षों में ट्रिपिंग की संख्या में 25 प्रतिशत तक की कमी की गयी है। कोयले की गुणवत्ता की सतत समीक्षा से हीट रेट में भी विगत 2 वर्षों में 0.65 प्रतिशत की कमी आई है। इससे विगत 2 वर्षों में 75 करोड़ रूपये की बचत संभव हो सकी है। बिजली दरों में वृद्धि न हो इसलिए राज्य शासन द्वारा ताप बिजली परियोजनाओं में महंगे विदेशी कोयले का क्रय नहीं किया गया है।

**उपभोक्ता संतुष्टि के प्रयास**-अति उच्च दाब फीडरों पर ट्रिपिंग में 18 प्रतिशत एवं उच्च दाब फीडरों पर 6 प्रतिशत की कमी लाई गयी है। इससे उपभोक्ताओं को 14 प्रतिशत अधिक बिजली प्रदाय हो सकी है। प्रदेश में विशेषकर शहरी क्षेत्रों में फॉल्स बिलिंग की समस्या के निराकरण के लिए पोल आधारित उपभोक्ता इंडेक्सिंग का कार्य शुरू किया गया है।

**जनसंवाद**-देश के सभी वितरण केन्द्र जोन में प्रतिदिन 10 उपभोक्ताओं से चर्चा कर बिजली प्रदाय की वास्तविक स्थिति का फीडबेक लिया जा रहा है। इसमें अब तक 25 लाख 94 हजार 404 उपभोक्ताओं से संवाद किया गया है, जिसमें संतुष्टि का प्रतिशत 98 है। कोरोना की विपरीत परिस्थितियों में सभी श्रेणियों के बिजली उपभोक्ताओं को लगभग 1000 करोड़ रूपये की राहत दी गई है। निम्न आय वर्ग के 88 लाख उपभोक्ताओं के 5334 करोड़ रूपये के बिल माफ किए गए हैं।

## वितरण कंपनियों के ए.टी. एण्ड सी. हानियों में कमी

विद्युत् वितरण कंपनियों के सतत प्रयासों एवं राज्य शासन के समर्थन से प्रदेश की तकनीकी और वाणिज्यिक हानियां (ए.टी. एण्ड सी. हानि), जो वित्तीय वर्ष 2019-20 में 31.4त्न थीं, कम होकर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 20.3त्न हो गई हैं। यह भारत सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए निर्धारित लक्ष्य 33.84त्न से कम है।

## प्रस्तावित नवीन योजनाएँ

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा अमरकंटक ताप बिजली गृह में 4666 करो? रूपये की लागत से 660 मेगावाट क्षमता की एक नई इकाई की स्थापना प्रस्तावित है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478